अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 222 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 06 अगस्त 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए ''क्रियायोग अभ्यास करें'' सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप ''अहंब्रह्मास्मि'' की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## यूपीः पीएम मोदी ने अन्न योजना के लाभार्थियों से की बात, बोले-पहले हो जाती थी लूट, अब मिल रहा है हक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के लाभार्थियों से बात की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने राज्य के अलग-अलग जिलों में लोगों के साथ संवाद किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब देश कीर्तिमान बना रहा है तब विपक्ष संसद को ठप कर रहा है। उन्होंने कहा कि नए भारत में आगे बढ़ने का रास्ता परिवार नहीं परिश्रम से तय होगा। उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली से जो अनाज भेजा जाता है उसका एक-एक दाना गरीबों को मिल रहा है जबकि पहले की सरकारों में अनाज की भी लूट होती थी। उन्होंने कहा कि अगस्त महीने की शुरुआत उपलब्धियों भरी है।




इतिहास पांच अगस्त की तारीख और वर्षों को याद रखेगा। इसी दिन दो साल पहले जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया था। पिछले साल राम मंदिर के निर्माण की शुरुआत भी इसी दिन हुई और इस साल हॉकी में भारतीय टीम को चार दशक के बाद मेडल मिला है। चंदौलीः भाई-बहन की हादसे में मौत, कुछ घंटे बाद पिता ने भी सदमे से दम तोड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के युवा खेल में गोल पर गोल कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग राजनीतिक सेल्फ गोल कर रहे हैं। देश की संसद में विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है। इससे देश की जनभावनाओं का अपमान हो रहा है। विपक्ष सिर्फ देशहित के काम को रोकने की कोशिश में जुटा है। देश की जनता इसे कभी भूलेगी नहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में देश ने कई कीर्तिमान हासिल किए हैं। ओलंपिक में हमारे खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

देश में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा 50 करोड़ तक पहुंच गया है। जीएसटी का कलेक्शन भी बढ़ा है। एक्सपोर्ट में भी देश ने रिकार्ड बनाया है। देश के पहले मेड इन इंडिया विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने अपना ट्रॉयल शुरू कर दिया है। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

लोगों को सम्बोधित करते हुए सीएम ने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया गया है। कोराना काल में यूपी सबसे ज्यादा टेस्ट करने वाला और सबसे अधिक टीकाकरण करने वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि पिछले साल इसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राममंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया था।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने करप्शन केस में येदियुरप्पा और उनके बेटे को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने करप्शन केस में येदियुरप्पा और उनके बेटे को जारी किया नोटिस, 17 अगस्त तक पेश होने को कहा मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटने के बाद बी एस येदियुरप्पा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने बी एस येदियुरप्पा को नोटिस जारी किया है। हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े इस मामले में राज्य के पूर्व सीएम बी एस येदियुरप्पा, उनके बेटे बी वाई विजयेंद्र और अन्य लोगों को यह नोटिस जारी हुआ है। इन सभी को 17 अगस्त को सुबह 10.30 बजे अदालत में हाजिर होने का निर्देश भी दिया गया है। यहां बता दें कि बी वाई विजयेंद्र अभी राज्य बीजेपी के उपाध्यक्ष भी हैं। दरअसल एक्टिविस्ट टी जे अब्राहम की एक याचिका पर सुनाई के दौरान अदालत ने यह आदेश जारी किया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आवासीय परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा, उनके बेटे, उनके परिवार के सदस्यों, पूर्व मंत्री एस टी सोमशेखर और भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी किया।



### लालू की सक्रियता ने आरजेडी को दी ताकत

## मंडल की राजनीति को धार की तैयारी, सात को हर जिले में धरना प्रदर्शन

**पटना (एजेंसी)।** लालू प्रसाद यादव की सक्रियता ने आरजेडी को बड़ी ताकत दे दी है। जातीय जनगणना की सियासी गरमाहट को और ताप देने के लिए आरजेडी ने अब मंडल की राजनीति को धार दने की तैयारी कर ली है। इसके लिए 7 अगस्त को मंडल दिवस के अवसर पर बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर आरजेडी के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। इसमें जातीय जनगणना कराने, आरक्षित कोटे से बैकलॉग के लाखों रिक्त पद भरने और मंडल आयोग की शेष रिपोर्ट लागू करने की मांग होगी।



भाजपा ने जातीय जनगणना करवाने से इंकार कर दिया है। आरजेडी इस मुद्दे पर भाजपा को चौतरफा घेरना चाहती है। मंडल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट के शुरू में ही कहा था कि जातियों के आंकड़े न होने की वजह से उसे काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, इसलिए अगली जनगणना में जातियों के आंकड़े भी जुटाए जाएं। लालू प्रसाद अब घर से बाहर भी निकलने लगे हैं, नेताओं से भी मिलने- जुलने लगे हैं। इस बार 7 अगस्त को मंडल दिवस को भव्य तरीके से मनाने का फैसला उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने लिया है। इसे भाजपा की उस नीति के खिलाफ सड़क पर मनाया जाएगा, जिसके तहत भाजपा जातीय जनगणना का विरोध कर रही है।जातिगत जनगणना नहीं करवाना, जानबूझकर आरक्षित पद खाली छोड़ देना, मंडल आयोग की सिफारिशों को ठंडे बस्ते में डाले रखना अब स्वीकार नहीं! तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 7 अगस्त 1990 को संसद में मंडल की सिफारिशें लागू करने की घोषणा की थी।

पूरे देश में पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण देने का फैसला हुआ। लालू प्रसाद, मुलायम सिंह यादव जैसे नेताओं ने मंडल के पक्ष में ताकत दिखाई। इसी वोट बैंक को जाग्रत रखने के लिए एक बार फिर शक्तिप्रदर्शन शुरू हो रहा है। लालू प्रसाद ने कहा है कि जातीय जनगणना का विरोध करने वाले लोगों को कोई अक्ल नहीं है। बैक बेंचर के लिए अलग से बजट बनाइए। छह लाख परिवार इस देश में भीग मांग रहा है। उनसे पूछिए वे किस जाति के हैं।

### अखिलेश राजनीतिक स्वार्थ के लिए कर रहे हैं नाटकबाजी : मायावती

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि प्रबुद्ध वर्ग विचार संगोष्ठी की सफलता के बाद समाजवादी पार्टी को अब जनेश्वर मिश्र व भाजपा सरकार द्वारा सताए हुए उनके समाज की याद आई है, यह सब इनकी राजनीतिक स्वार्थ व सस्ती लोकप्रियता के लिए नाटकबाजी नहीं है तो और क्या है। उन्होंने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उनको हार्दिक श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। इसके साथ ही कहा है कि जनेश्वर मिश्र के नाम पर लखनऊ में जो पार्क हैं, उसे बसपा सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बनाया, लेकिन सपा सरकार ने जातिवादी सोच व द्वेष के कारण इसका नाम भी नए जिलों आदि की तरह बदल दिया, यह कैसा सम्मान है। उन्होंने भारतीय पुरुष हाकी टीम द्वारा टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। कहा है कि 41 साल के लंबे अंतराल के बाद यह उपलब्धि निश्चय ही हर भारतीय को खुश व गौरवांवित करने वाली है।

## हमें असली आजादी मिली थी, 370 हटने की बरसी पर ढोल बजाकर नाचे पाक से आए शरणार्थी

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने की दूसरी बरसी पर यूं तो केंद्र शासित प्रदेश में कई आयोजन हुए, लेकिन सबसे ज्यादा खुशी पश्चिमी पाकिस्तान से भारत आए शरणाथिर्यों की कॉलोनी में थी। गुरुवार को पश्चिम पाकिस्तान से आए शरणार्थी ढोल की थापों पर नाचते नजर आए। 'भारत माता की जय' के बीच उन्होंने कहा कि 5 अगस्त, 2019 का दिन हमारे लिए असली आजादी लेकर आया था। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 370 और 35ए को हटाए जाने से हमें नागरिकता के अधिकार मिले हैं और अब हम भी जम्मू कश्मीर के गर्वित नागरिक हैं।



पाकिस्तान रिफ्यूजी एक्शन कमिटी के प्रेसिडेंट लाबा राम गांधी के नेतृत्व में शरणार्थी परिवारों के लोग एकत्र हुए और तिरंगा फहराकर जशन मनाया। लाबा राम गांधी ने कहा, 'हम इसे अपनी आजादी के दिन के तौर पर मना रहे हैं क्योंकि जम्मू-कश्मीर में रहते हुए हमें असली आजादी 5 अगस्त, 2019 को ही दी गई थी।' 5 अगस्त 2019 को ही केंद्र सरकार ने संविधान में संशोधन करते हुए आर्टिकल 370 और 35ए को हटा दिया था। इसके अलावा जम्मू कश्मीर और लद्दाख को अलग करते हुए दो केंद्र शासित प्रदेशों के तौर पर गठन किया गया है। कश्मीर के मूल निवासी का स्टेटस पाने वाले शरणाथिर्यों का कहना है कि वह दिन हमारे लिए सही मायनों में आजादी लेकर आया था।

लाबा राम गांधी समेत शरथार्थी परिवारों के लोगों ने कहा कि हम इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी और होम मिनिस्टर अमित शाह को धन्यवाद देते हैं। गांधी ने कहा, 'हम जम्मू-कश्मीर में अवांछित लोगों की तरह रह रहे थे। हमारे कोई अधिकार नहीं थे। न वोट दे सकते थे और न ही नौकरियां मिल सकती थीं। अब हम यहां के नागरिक हैं। हमारे बच्चों के पास भी अन्य लोगों की तरह सारे अधिकार हैं।' बता दें कि 5 अगस्त, 2019 से पहले तक पश्चिम पाकिस्तान से आए शरणाथिर्यों को संसदीय चुनावों के अलावा किसी भी स्तर के इलेक्शन में वोटिंग का अधिकार नहीं था। इसके अलावा सरकारी नौकरी, स्कॉलरशिप और कॉलेजों में एडमिशन भी नहीं ले सकते थे। इनमें से ज्यादातर परिवार पश्चिमी पंजाब और गुजरात के हिस्सों से आए थे, जो अब पाकिस्तान में हैं। अब इनकी संख्या एक लाख के करीब है।
























# गरीबों के लिए वरदान बन रही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना : अजीत

## कोरांव के सभी राशन की दुकानों पर मनाया गया अन्न महोत्सव, वितरित किया गया निशुल्क अनाज

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा/प्रयागराज।** कोरोना वैश्विक महामारी में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्‍ योजना गरीबों के लिए वरदान बन रही है। उक्त बातें भाजपा जिलाउपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने क्षेत्र के रत्योरा करपियां गांव के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर अनन्‍ महोत्सव में गरीबों को निशुल्क राशन वितरण करने के दौरान कही।



अजीत सिंह ने आगे कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान गरीबों को भरण पोषण में दिक्कतें न हों इसके लिए हमारी मोदी व योगी सरकार ने उन्हें प्रत्येक महीने निशुल्क राशन मुहैया कराने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्‍ योजना के तहत पूरे प्रदेश में अनन्‍ महोत्सव के जरिए गरीबों को निशुल्क प्रति यूनिट 5 किलो अनाज मुहैया कराया जा रहा है।उपस्थित ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा ने अनन्‍ महोत्सव योजना का गरीबो को राशन वितरण कराया।रत्योरा करपिया के कोटेदार ने अंत्योदय कार्ड धारकों को झोला के साथ गल्ला वितरण किया।इसी प्रकार टीकर गाँव के राशन की दुकान पर प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार ने के साथ अनन्‍ महोत्सव योजना का गरीबों में राशन वितरित कराया। कोरांव के दर्शनी गाँव के ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव ने भी गांव के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन के साथ झोला दिया। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। गरीब हित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। आपूर्ति निरीक्षक कोरांव संजय विश्वकर्मा से जब जानकारी ली गई कि तहसील क्षेत्र कोरांव में कितने राशन कार्ड धारकों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्‍ योजना का राशन वितरित कराया जा रहा है, तो उन्होंने बताया कि प्रत्येक राशन की दुकान पर 100 कार्ड धारकों का लक्ष्य रखा गया था। शाम तक संबंधित कोटेदारों के द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कोरांव में कुल 150 राशन की दुकानें संचालित है। सभी दुकानों पर अनन्‍ महोत्सव मनाया गया और गरीब पात्रों को योजना का राशन निशुल्क वितरित किया गया।

## दुराचार का वंचित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** राजेश कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम चमरौटी टोला थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज उम्र लगभग 22 वर्ष को बेरूई के पास से मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।जिसके विरुद्ध मुकदमा संख्या-410/20 धारा 363/366/376 आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरैल वि.खं. करछना, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत खजुरैल में चौदहवां /पंचम राज्य/चतुर्थ राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा के अन्तर्गत इन्टरलाकिंग, नाली निर्माण, सोलर लाईट, स्कूल कायाकल्प, ह्यूम पाइप, सफाई किट, खडंजा कार्य एवं हैण्ड पम्प मरम्मत एवं रिबोर, मरम्मत हेतु इंटरलाकिंग, स्ट्रीट लाईट, आंगनबाड़ी केन्द्र, ईट, सीमेन्ट, सरिया, बालू, हैण्डपम्प निर्माण एवं मरम्मत, हैण्डपम्प रिबोर, शोक्ता, शौचायल निर्माण एवं मरम्मत, बाउण्ड्री निर्माण, खाद गण्डा, पुलिया, गिट्टी हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 06.08.2021 तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है समस्त निविदा दिनांक 10.08.2021 को अपराह्न 3 बजे उपस्थिति फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगी। क्रय सामग्री ग्राम पंचायत स्वीकृत व प्राकलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021–22 में कराये जाने वाले कार्य हेतु प्रभावी होगी। यदि किसी फर्म द्वारा कार्य पूर्ण होने के पहले सामग्री आपूर्ति में लापरवाही वर्ती जाती है तो उसके स्थान पर किसी अन्य फर्म को स्थान दिया जायेगा जिससे विकास कार्य प्रभावित न हो।

**संदीप कुमार**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरौल
विकास खण्ड –करछना
प्रयागराज

**रवि चंद**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खजुरौल
विकास खण्ड –करछना
प्रयागराज




## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत निशुल्क अन्न वितरित किए कोटेदार

अखंड भारत संदेश

**जसरा/प्रयागराज।** प्रयाग संगम सेवा संस्थान की तरफ से ग्रामसभा जसरा, बुदांवा व परसरा में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत गरीबों के निःशुल्क राशन वितरण का शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर बोलते हुए प्रयाग संगम सेवा संस्थान अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी की गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही गरीब कल्याण अनन्‍ योजना बहुत ही लाभदायक है। इससे गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का जो काम प्रधानमंत्री जी ने किया है उसकी बहुत ही प्रशंसा की जा रही है। उक्त रावेंद्र तिवारी, भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र पाठक, शिवाजी द्विवेदी कोटेदार ग्राम पंचायत अधिकारी अमित शुक्ला के अलावा प्रयाग संगम सेवा संस्थान के व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण प्रयाग संगम सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष रामजी त्रिपाठी,भौमेश द्विवेदी पूर्व प्रधान, राजधर द्विवेदी एडवोकेट, सुनील द्विवेदी, कुणाल द्विवेदी ,अखिलेश द्विवेदी, हर्ष द्विवेदी ,शुभम द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला समेत भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व आम जनमानस मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत निशुल्क अन्न वितरित किए कोटेदार

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत गुरुवार को गांव गांव में पात्र लाभार्थी लोगों को निशुल्क अनाज वितरित किया गया। ग्राम सभा सहसों में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान एवं उनके कल्याण के लिए कृत संकल्प है। समय-समय पर कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं जैसे शौचालय, आवास, उज्जवला योजना के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन आदि देकर उनके जीवन स्तर को उठाने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान दार चंद्रेश केसरवानी ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा



योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर 16 लाभार्थियों को निशुल्क अनाज वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रमोद गुप्ता ने किया। इस मौके पर रमेश चंद्र बिंद, सुभाष भारती, राकेश भारती, फिरोज खान सहित अन्य लाभार्थी उपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्राम सभा मनापुर उर्फ बगई कला में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत निशुल्क वितरण किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने कहा सरकार निरंतर गरीबों असहाय व मजदूरों के हित के बारे में सोच रही है। इस मौके पर प्रताप बहादुर सिंह ग्राम प्रधान, विशिष्ट अतिथि गीता सिंह प्रमुख सहसों, विकास खंड अधिकारी सहसों दिव्या सिंह, प्रभारी वीडीयो निखिल मोहन तथा वरिष्ठ समाजसेवी शिव नारायण सिंह गप्पू उपस्थित रहे संचालन इंजीनियर राजेंद्र सिंह पटेल ने किया। इसी तरह थानापुर में मुख्य अतिथि जिला कार्यसमिति भाजपा सत्यम हिंदू, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, ने अनन्‍ योजना के तहत लाभाथिन्यों को निशुल्क अनाज वितरित किया इस मौके पर अजीत सिंह, विमल मिश्र , रामसुमेर यादव , शिवशंकर यादव, राजबहादुर, रामबहादुर सिंह, शिवमंगल, मूलचंद्र आदि रहे। इसी तरह ग्रामसभा चिरौरा में ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया की देखरेख में निशुल्क राशन लाभाथिन्यों को वितरित किया गया।

## दुर्घटना में घायल तड़प रहे दो युवको को बारा विधायक ने अपने वाहन से पहुंचाया अस्पताल

### इलाज की खर्च देने की भी कही बात

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** रीवा हाइवे के गौहनिया ओवर ब्रिज पर दुर्घटना में घायल दो युवकों को तड़पते देख विधायक बारा ने अपनी गाड़ी पर लादकर अस्पताल पहुंचाहे ।फिर पुलिस को सूचना दी ।विधायक की इस मानवता पूर्ण कार्य को लोग सराहना कर रहे है ।



खुल्दाबाद के पवन केसरवानी व विकास कुशवाहा एक बाइक पर सवार होकर जारी की ओर से प्रयागराज रीवा हाईवे से शहर की ओर आ रहे थे । उनकी बाइक गौहनिया के ओवर ब्रिज पर पहुंची कि बाइक बेकाबू हो डिवाइडर से टकरा गई । जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो हाइवे पर तड़पने लगे ।इस बीच राहगीर आते जाते रहे लेकिन किसी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने तक की जहमत नहीं की । इसी बीच विधायक बारा डॉ अजय कुमार अपने समर्थकों के साथ दो गाड़ी से जारी की ओर से गुजरे तो उनकी नजर दोनो घायलों पर पड़ी ।विधायक ने वाहन रोकी और खुद दोनो के पास गए दोनो खून से सने हुए थे । विधायक ने अपने समर्थकों की मदद से एक गाड़ी पर दोनो को लादा और जसरा के एक निजी अस्पताल में लेजाकर इलाज के लिए भर्ती कराया। उसके बाद गौहनिया चौकी प्रभारी ज्ञानेश कुमार को सूचना दी । पुलिस मौके पर पहुंची जहां से गंभीर रूप से घायल विकास कुशवाहा को एसआरएन के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।विधायक ने दोनों घायलों के इलाज के खर्च को भी देने की भी बात कही है। इस मानवता पूर्ण कार्य को देख इलाक़ के लोग काफी सराहना कर रहे हैं।

## केंद्र एवं प्रदेश सरकार गरीबों, असहायों के लिए निरंतर नए आयाम प्रस्तुत कर रही है : अशोक दुबे

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों गंगापार में मंडल कार्य समिति की बैठक आरडी सिंह एजुकेशन ऑफ कॉलेज बसमहुआ सहसों में गुरुवार को आयोजित किया गया। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज अशोक दुबे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन करते हुए बताया कि आज यह कार्यसमिति की बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है। बैठक में मौजूद भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहां कि कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी दिन रात एक कर रही है। जब भी पार्टी को हमारी जरूरत हो दिन-रात सेवा के लिए तन मन से तैयार रहते है। इसी तरह पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अमरनाथ तिवारी ने कहा सरकार निरंतर राष्ट्रहित में कार्य कर रही है किसानों के लिए हर उचित कदम उठा रही है आज सपा बसपा जो ब्राह्मणों के लिए घडि़याली आंसू बहा रहे है यह उन दिनो को क्यों नहीं याद करते जब तिलक तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार यह सारी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए समाज को गुमराह कर रहे थे । तथा इस अवसर पर तीनों ब्लाक प्रमुख विपेंदर सिंह पटेल फूलपुर , गीता सिंह सहसों एवं अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू बहादुरपुर के ब्लॉक प्रमुखों को माला पहनाकर एवं पगड़ी पहनाकर के स्वागत सम्मान किया गया। इस बैठक में कार्यसमिति की कार्य योजना पर चर्चा किया गया मंडल में सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार पूर्वक वर्णन अतिथियों द्वारा किया गया। बैठक का संचालन पवन कुमार शुक्ला एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज जी ने किया। बैठक के समापन पर आरडी सिंह एजुकेशन ऑफ कॉलेज के प्रबंधक एवं ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों एवं सम्मानित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए। बैठक में मुख्य रूप से अनिरुद्ध सिंह पटेल, लालचंद पटेल, गुलाब प्रसाद त्रिपाठी, अशोक तिवारी संजय सिंह, राजधर दुबे, भूपेंद्र मिश्र, सुभाष शुक्ला, नरेंद्र कुशवाहा, सत्यम हिंदू , शुभम शुक्ला,पुष्कर सिंह , सूर्यमणि पांडे , बजरंग बहादुर सिंह , रमेश, रंजना सिंह परिहार, राजेंद्र वर्मा, सतीश सोनी, राम शुक्ला, महेश सिंह, राजेश कुमार राज, राजेंद्र यादव, संजय तिवारी, विमल मिश्रा, बृजेश त्रिपाठी, राजकुमार जयसवाल, शंकरलाल, राकेश विश्वकर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुलमई वि.खं. कौंधियारा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021.22 में ग्राम पंचायत कुलमई विकास खंड कौंधियारा में कराए जाने वाले कार्यो मनरेगा, राज्यवित्त 15 वा वित्त, हैंडपंप मरम्मत व रिबोर, नाली खड़ंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य / मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं विकास खंड की पंजीकृत फर्मे दिनांक 25.06.2021 से 30.06.2021 तक आवेदन कर सकती है । निविदा दिनांक 01.07.2021 को 12:00 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जाएगी ।

| संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | भुंडा राजबहा से कैलास के घर तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 3.67 लाख | 1 माह |

**शिव बाबू गुप्ता**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुलमई
विकास खण्ड –कौंधियारा
प्रयागराज

**मनोज कुमार**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कुलमई
विकास खण्ड –कौंधियारा
प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेंदो वि.खं. करछना, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बेंदो में चौदहवां /पंचम राज्य/चतुर्थ राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा के अन्तर्गत इन्टरलाकिंग, नाली निर्माण, सोलर लाईट, स्कूल कायाकल्प, ह्यूम पाइप, सफाई किट, खडंजा कार्य एवं हैण्ड पम्प मरम्मत एवं रिबोर, मरम्मत हेतु इंटरलाकिंग, स्ट्रीट लाईट, आंगनबाड़ी केन्द्र, ईट, सीमेन्ट, सरिया, बालू, हैण्डपम्प निर्माण एवं मरम्मत, हैण्डपम्प रिबोर, शोक्ता, शौचायल निर्माण एवं मरम्मत, बाउण्ड्री निर्माण, खाद गण्डा, पुलिया, गिट्टी हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 06.08.2021 तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है समस्त निविदा दिनांक 10.08.2021 को अपराह्न 3 बजे उपस्थिति फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगी। क्रय सामग्री ग्राम पंचायत स्वीकृत व प्राकलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021–22 में कराये जाने वाले कार्य हेतु प्रभावी होगी। यदि किसी फर्म द्वारा कार्य पूर्ण होने के पहले सामग्री आपूर्ति में लापरवाही वर्ती जाती है तो उसके स्थान पर किसी अन्य फर्म को स्थान दिया जायेगा जिससे विकास कार्य प्रभावित न हो।

**संगीता देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेंदो
विकास खण्ड –करछना
प्रयागराज

**दरबारी लाल**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बेंदो
विकास खण्ड –करछना
प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत लोहरा वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत लोहरा में विकास पन्द्रहवाँ/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/ कार्यक्रमों के अन्तर्गत शौचालय–निर्माण,टाइल्स निर्माण, नाला/ नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्वार इण्डिया मार्का–टू हैण्डपम्प की मरम्मत/रिबोरिंग/स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण/ मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एमडीएम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रिक बल्ब/ सोलर/ स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत,ह्यूम पाईप, विद्यालय/ पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्वार/ वाल राइटिंग एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/ दरवाजा आदि की रंगाई–पुताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोविड–19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव मशीन, अन्य उपकरण एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 6.08.2021 से 10.08.2021 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 03 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021–22 अन्तर्गत कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगी।

नियम व शर्ते :–

1. निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 2. रू0 100 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबंध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/आफर वापस लेने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 3. कोई भी आपूर्तिकर्ता फर्म/ निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रतिक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा। 4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामग्री आपूर्ति पर देयकर / टीडीएस / कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी। 5. आपूर्ति हेतु स्वीकृत फर्मो को बंधक धनराशि के रूप में रू0 10000 नगद अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान विकास पत्र / डाकघर बचत पासबुक /किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा।

**विभव कुमारी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लोहरा
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज

**चन्द्रशेखर सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत लोहरा
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुरवल चन्देल वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सुरवल चन्देल में विकास पन्द्रहवाँ/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/ कार्यक्रमों के अन्तर्गत शौचालय–निर्माण,टाइल्स निर्माण, नाला/ नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्वार इण्डिया मार्का–टू हैण्डपम्प की मरम्मत/रिबोरिंग/स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण/ मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एमडीएम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रिक बल्ब/ सोलर/ स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत,ह्यूम पाईप, विद्यालय/ पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्वार/ वाल राइटिंग एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/ दरवाजा आदि की रंगाई–पुताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोविड–19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव मशीन, अन्य उपकरण एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 6.08.2021 से 10.08.2021 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 03 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021–22 अन्तर्गत कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगी।

नियम व शर्ते :–

1. निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 2. रू0 100 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबंध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/आफर वापस लेने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 3. कोई भी आपूर्तिकर्ता फर्म/ निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रतिक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा। 4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामग्री आपूर्ति पर देयकर / टीडीएस / कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी। 5. आपूर्ति हेतु स्वीकृत फर्मो को बंधक धनराशि के रूप में रू0 10000 नगद अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान विकास पत्र / डाकघर बचत पासबुक /किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा।

**राम प्रकाश सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सुरवल चन्देल
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज

**चन्द्रशेखर सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सुरवल चन्देल
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज



# सपाईयों ने साईकिल रैली निकालकर लिया सरकार बनाने का संकल्प

## पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जनेश्वर मिश्र की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** प्रख्यात समाजवादी व छोटे लोहिया के नाम से लोगों के बीच में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले जनेश्वर मिश्रा की जयंती पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली निकालकर उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रण लिया।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव एवं लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नसीरुद्दीन राईन के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बहरिया से साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया। बहरिया ब्लॉक मुख्यालय पर सपा नेता रविंद्र यादव एवं नसीरुद्दीन राईन ने समाजवादी झंडा दिखाकर नौजवानों के साइकिल यात्रा के हुजूम को रवाना किया जिसका समापन फूलपुर तहसील में हुआ।

सपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए समाजवादी युवजनसभा के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव ने कहा की स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता यह संकल्प लेते हैं कि 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेंगे। साइकिल यात्रा का समापन करते हुए लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नसीरुद्दीन राईन ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आम आदमी सुरक्षित नहीं है अपराध चरम सीमा पर है। आम आदमी भुखमरी के कगार पर है। पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं किसान बेहाल है। अब सही वक्त आ गया है।

इस भारतीय जनता पार्टी को बदलकर समाजवादी पार्टी की सरकार लाई जाए। साइकिल यात्रा में सरताज ,शान यदुवंशी, आलम , मुराद मंसूरी, अमित यादव, विजय यादव, अनुराग सहगल, नरेंद्र यादव,बलवंत यादव, मो. इरफान, सुधीर पासी , सर्वेश यादव, अमित यादव, विजय यादव जीशान अली, आदर्श यादव, अंकित यादव,सुफियान खान,वैश मंसूरी, अफजल अहद के साथ सैकड़ों की संख्या में सपाई मौजूद रहे।

# थैले में मिला राशन पाकर खिल गए राशनकार्ड धारकों के चेहरे

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को मिला अनाज

### ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने किया अनाज का वितरण




**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार सभी सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर हर वर्ग के लिए समान रूप से काम कर रही है। देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अनन्न योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है।

उक्त बातें गुरुवार को फूलपुर क्षेत्र के हेमापुर व बेलहाबाद गांव में गरीबों को निःशुल्क अनन्न वितरित करते हुए ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में एक बार पुनः भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। खण्ड विकास अधिकारी कविता तिवारी ने सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा की सरकारी योजनाओं पर पूरी तरह पारदर्शिता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुलाब चंद्र पाण्डेय ने कहा की प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना सरकार का एक सराहनीय कदम है।

इस मौके पर दर्जनों गरीबों को निःशुल्क अनन्न वितरित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी व शिक्षक नेता सुनील तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के तहत राशनकार्ड धारकों को तय राशन के अतिरिक्त पांच किलो राशन निःशुल्क वितरित करने का प्राविधान है। यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं में से एक है जो की आगामी नवम्बर तक प्रस्तावित है। इस मौके पर राम सिंह पटेल श्याम बाबू गुप्ता,प्रधान राम पदराथ पटेल,ज्ञानेंद्र सिंह पटेल,अमर सिंह पटेल समर बहादुर पटेल,धर्मेंद्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### राशन की दुकानों पर नहीं दिखा सरकार के आदेश असर

सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के तहत निशुल्क राशन वितरण के लिए जारी आदेशों का पालन कुछ सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर नहीं हो सका। अधिकारियों की अनदेखी के चलते प्रधान के साथ ही कोटेदारों ने मनमानी की। कोटे पर जहां कार्डधारकों के लिए कुसिर्यों का पर्याप्त इंतजाम नहीं था वहीं राशनकार्ड धारक घंटों धूप में ही खड़े रहे।



ग्राम प्रधान वीरपुर के नेतृत्व में खाद्यान्न वितरण किया गया



ग्राम प्रधान बरांव बजरंगी के नेतृत्व में खाद्यान्न वितरण किया गया।

## करछना तहसील के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का किया गया वितरण



करछना में अन्न महोत्सव कार्यक्रम में खाद्यान्न वितरण करते प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह, एडीओ पंचायत विवेक पाण्डेय।



ग्राम प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी प्रधान संघ महामंत्री के नेतृत्व में खाद्यान्न वितरण किया गया।



बसरिया प्रधान समर जीत यादव एवं कोटेदार दिलीप सिंह ने खाद्यान्न वितरण किया ।



ग्राम प्रधान कचरी धर्मराज पटेल के नेतृत्व खाद्यान्न वितरण किया गया।



पिपरांव के प्रधान एवं कोटेदार ने खाद्यान्न वितरण किया करते हुए।




ग्राम प्रधान कबरा बब्बू लाल प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निशुल्क राशन वितरण करते हुए।



राम पुर तालुका मुगारी में प्रधान प्रतिनिधि की ओर से खाद्यान्न वितरण किया गया।

# बूथ व यूथ को मजबूत करने के लिए बड़ोखरा में संपन्न हुई कांग्रेस कमेटी की बैठक

## प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लिया हिस्सा



**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर हर गांव कांग्रेस हर बूथ कांग्रेस कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा कोरांव के बड़ोखरा गांव में कांग्रेस कमेटी की एक बैठक संपनन्हुई। जहां जिलाध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज अरुण तिवारी भी मौजूद रहे। जिनके साथ कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई करने के लिए प्रदेश सचिव यमुनापार प्रयागराज प्रभारी वसीम अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। प्रदेश सचिव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 2022 के चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस कमेटी की सरकार बनाने की अपील की। प्रदेश सचिव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से बूथ व यूथ को मजबूत करने की अपील की है। बैठक की अध्यक्षता गंगोत्री पांडेय एवं संचालन रामजन्म कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में राम छबीले मिश्र, आनंद प्रकाश शुक्ला उर्फ बबलू शुक्ला, चंद्रभूषण तिवारी, दिवाकर मिश्रा, दिनेश तिवारी, राजितराम मुखिया, ब्लॉक अध्यक्ष आसाराम मिश्र, रजनीश कुमार, राजाराम विद्यार्थी, रोहिणी पाल, शिवदानी पाल, दिनेश चौधरी, मंगल देव कोल, आशुतोष, राम मनोज मिश्र, जैकी भाई आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



ग्राम प्रधान सुलमई अनीता देवी के नेतृत्व में खाद्यन्न वितरण किया गया।

# पकड़े गये पुष्कर के हत्यारे



**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र डेराबारी गांव में विगत शनिवार की रात पहाड़ की जमीन की हकदारी के लिए हुई पुष्कर नाथ द्विवेदी की गोली मार कर हत्या करने के दो मुख्य आरोपियों को गुरुवार के दिन लालापुर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बंदूक समेत पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों की हत्या सहित कई संगीन धाराओं में जेल भेज दिया। लालापुर थाना क्षेत्र के डेराबारी गांव निवासी पुष्करनाथ द्विवेदी और उनके भतीजे राजेन्द्र द्विवेदी के बीच शंकरगढ़ क्षेत्र में पड़ने वाले चालीस बीघे पहाड़ की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था ।जिसकी कई बार रिस्तेदारो के बीच पंचायत भी हुई लेकिन मामला हल नहीं हुआ । जिसे लेकर विगत शनिवार की रात दोनो पक्षों में विवाद हुआ और विवाद यहां तक बढ़ गया कि राजेन्द्र द्विवेदी के पक्ष ने गोली मारकर पुष्करनाथ की नृशंस हत्या कर दी । हत्या के बाद पुलिस की कार्रवाई के बाद मृतक पुष्करनाथ के पक्ष की ओर से राजेन्द्र द्विवेदी व उसके बेटे राजकिशोर द्विवेदी सहित छ लोगों के ख़िलाफ़ हत्या सहित कई संगीन धाराओं में लालापुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से ही सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए थे ।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

# भाजपा के वरुणा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बनी चुनावी रणनीति

### ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने चार क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दिलाई भाजपा की सदस्यता



**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** संगठन की मजबूती को लेकर गुरुवार को भाजपा के वरूणा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष समरजीत मौर्य की अध्यक्षता में सम्पनन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान केंद्र व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी गांव- गांव तक पहुंचाने के रणनीति बनाई गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला उपाध्यक्ष गंगापार श्याम बिहारी पांडेय ने मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं और उस क्षेत्र का सफल क्रियान्वयन करना आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ असहाय व ग़रीब को मिल रहा है कि नही इस पर भी आप द्वारा नजर रखना आवश्यक है। इस दौरान फूलपुर विकास खण्ड के मुबारकपुर निवासी नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रेम सागर गौड़, कुसेहटा गांव के धर्मेंद्र बिंद, सलमापुर क्षेत्र पंचायत सदस्य रमाशंकर मोदनवाल, व अगरापट्टी गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार पटेल को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। चारों क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ब्लाक प्रमुख बिपेंद्र सिंह पटेल ने भाजपा की पट्टी पहनाकर पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा की भाजपा में ही हर कार्यकर्ता का सम्मान निहित है। बैठक का कुशल संचालन करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी डा0 धीरज मिश्रा ने भाजपा में शामिल सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मौके पर शारदा प्रसाद पाठक, विजय शर्मा, श्यामबाबू गुप्ता,धर्मेंद्र शुक्ला, निसार अहमद युवा भाजपा नेता चंचल पाण्डेय सहित मंडल के अन्य सक्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत वितरण किया गया राशन



**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 किलो मुफ्त खाद्यानन्न उपलब्ध कराया जाता है।इस योजना का लाभ देश के 80 करोड़ लोगों को देने का लक्ष्य है। राशन कार्ड पर मिलने वाले तय कोटे के अतिरिक्त यह 5 किलो अनाज फ्री में दिया जाता है।कोरोना संकट के चलते सरकार ने इस योजना की शुरुआत की है।गुरुवार को लालापुर में भाजपा जिला प्रतिनिधि शंकरलाल पाण्डेय (ग्राम प्रधान) की अध्यक्षता में उचित दर विक्रेता रमाशंकर तिवारी की दुकान पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्नयोजना के तहत 134 लाभाथिर्यों को राशन वितरण किया गया।इस मौके पर संकुल प्रभारी कल्याण चंद्र द्विवेदी, हलका लेखपाल रामशिरोमणि शुक्ला मौजूद रहे।ग्राम पंचायत चकसुचेर में उचित दर विक्रेता कविता देवी की दुकान पर कुल 178 लाभाथिर्यों को राशन वितरण किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के सेमरी तरहार, ओडगी तरहार, अमिलिया तरहार, ग्राम सभा गोइसरा में भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के तहत लाभाथिर्यों को राशन वितरण किया गया।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लोगों के लिये वरदानः धीरज ओझा

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के तहत रानीगंज क्षेत्र के थरिया गांव में आयोजित अनन्नमहोत्सव में क्षेत्रीय विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने योजना के लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह की दर से 5 किलो गेंहू/चावल एवं बैग वितरित किया।

इस दैरान उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी विकट महामारी में जब विश्व के अधिकांश देश जीवन संकट से जूझ रहे थे वही देश के प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच एवं कुशल मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राहत एवं बचाव हेतु एक बेहतर प्रबंध योजना से लोगो को न सिर्फ जीवन संकट से उबारा बल्कि इस भयंकर त्रासदी के समय मे भी निःस्वार्थ सेवा भाव

## थरिया गांव में विधायक ने लाभार्थियों को वितरित किया खाद्यान्न बैंग



एवं दृढ़ संकल्प से प्रत्येक परिवार को सशक्त एवं सम्पनन्न बनाने का भाव उत्पनन्न किया है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा, उप जिलाधिकारी रानीगंज ज्ञानेंद्र विक्रम, सीओ रानीगंज अतुल अंजान तिवारी, तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, सप्लाई इंस्पेक्टर सुधीर सरोज, प्रतिनिधि नीरज ओझा, अजय ओझा व शिवम ओझा, प्रमुख प्रतिनिधि गौरा राकेश सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

### चिलबिला व ओझला में हुआ खाद्यान्न बैग का वितरण

प्रतापगढ़। नगर पालिका क्षेत्र चिलबिला बाजार स्थित उचित मूल्य की दुकान पर पूर्व जिला मीडिया प्रभारी भाजपा गिरीश पांडेय, सभासद प्रदीप जायसवाल, नगर पालिका कर्मचारी प्रमोद ओझा और कोटेदार रमेश जयसवाल ने निशुल्क राशन बैग वितरण किया। राशन बैग वितरण कार्यक्रम में पूर्व जिला मीडिया प्रभारी गिरीश पांडेय ने कहा कि कोरोना काल से गरीबों के लिए वरदान बनी है।

## विश्वनाथगंज विधायक ने जगदीशपुर में बांटे राशन किट



कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत आज क्षेत्र के सभी गांवों में अनन्न महोत्सव का आयोजन करके निशुल्क राशन की किट वितरित की गई।

ग्राम पंचायत जगदीशपुर में कोटेदार नईमुद्दीन द्वारा आयोजित अनन्नमहोत्सव में विश्वनाथगंज विधायक डॉक्टर आरके वर्मा मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए और गांव के गरीब कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन का किट वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने विश्वनाथगंज में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इसी क्रम में पूरे सुखदेव गांव के कोटेदार बृजकिशोर मिश्रा के द्वारा आयोजित निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम में मांधाता ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने कार्ड धारको को निःशुल्क राशन का वितरण किया। क्षेत्र के सराय देव राय व जमुआ गांव में भी विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने कोटेदारों द्वारा आयोजित अनन्न महोत्सव में शामिल होकर गरीबों को निशुल्क राशन किट वितरित किया।

# संदीप अध्यक्ष शरद बने रोटरी क्लब सेंट्रल के अध्यक्ष

## रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल कार्यकारिणी का हुआ पद ग्रहण समारोह

**प्रतापगढ़।** रोटरी के मंडलाध्यक्ष विजय सेठ ने कहा कि बड़ी चेचक और पोलियो का विश्व से उन्मूलन में रोटरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में जीवन को बदलने के लिये सेवा करने का रोटरी का मूलमंत्र है। इस परिपेक्ष्य में हमें सेवा को प्राथमिकता पर रखना चाहिए। इसमें दुनिया की आधी आबादी महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिये।

सुल्तानपुर से आये रोटेरियन सेठ बुधवार शाम नगर के एक होटल के सभागार में रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के पद ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ये बातें कहीं। इस मौके पर सामाजिक कार्य कर रहे बच्चा बैंक फ्रेंडस ग्रुप, बीबीएफजी के संस्थापक राजेश कुमार को स्मृति चिन्ह देकर

**सामाजिक क्षेत्र में कार्य के लिये बीबीएफजी को मिला सम्मान**

सम्मानित किया गया। समारोह में रोटरी सेंट्रल के जिला अध्यक्ष संदीप खरे और सचिव शरद केसरवानी के नेतृत्व में गठित नई कार्यकारिणी को पद ग्रहण कराया गया। अध्यक्ष रोटरी संदीप प्रकाश खरे ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव रोटरी शरद केसरवानी ने सत्र 2019-20 तथा सत्र 2020-21 में क्लब द्वारा किए गए कार्यों सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अध्यक्ष रोटेरियन संदीप प्रकाश खरे तथा सचिव रोटेरियन शरद केसरवानी को अधिष्ठापित किया। अध्यक्ष रोटेरियन संदीप प्रकाश खरे ने सत्र 2021-22 की कार्यकारिणी का सदन से परिचय कराया। विशिष्ट अतिथि सह मंडलाध्यक्ष रोटरी संतोष सिंह ने कहा कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय सेवा की महत्वपूर्ण इकाई है। रोटरी राजेंद्र खंडेलवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटरी डॉ0 आलोक सक्सेना, रो0 अश्विनी केसरवानी, रो0 उमेश प्रताप सिंह एडवोकेट, महिला सदस्यों में रो0 पूनम केसरवानी, रो0 रचना सक्सेना आदि उपस्थित रहे। संचालन संस्थापक सचिव रो0 डॉ0 शिवमूर्ति लाल मौर्य ने किया।

# सरकार की नीतियों के विरोध में सपाइयों ने निकाली साइकिल यात्रा



**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्र की जयंती के अवसर पर बेरोजगारी, किसान, मजदूर, नौजवान, महंगाई, भ्रष्टाचार तथा लोकतंत्र विरोधी भाजपा सरकार के विरुद्ध समाजवादी पार्टी कार्यालय से साइकिल यात्रा निकाली गयी।

साइकिल यात्रा की शुरुआत अंबेडकर चौराहे पर पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा राष्ट्रीय महासचिव सरोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली का नेतृत्व सपा जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनविरोधी सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए तथा साइकिल यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। साइकिल यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुनन यादव, अब्दुल कादिर जिलानी, इरशाद सिद्दीकी, शान्ति सिंह, सुषमा पाल, महिमा गुप्ता, शबनम बानो, इरफान खान, शहरे आलम शीबू, संतोष यादव, संजीव गुप्ता, राजू यादव, जगदीश मौर्या, उमेश वर्मा, राम बहादुर पटेल, सुरेश यादव, सद्दाम हुसैन, फारूक खान, अख्तर राईन, रमेश यादव, राव वीरेंद्र सिंह, राहुल सिंह, सौरभ सिंह, विनोद यादव, निसार अहमद, राजकुमार प्रजापति, वसीम सिद्दीकी, शाश्वत यादव, कुन्दन यादव, फिरोज खान, मनीष पाल मीडिया प्रभारी सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सरकार की नीतियों के विरुद्ध सपाइयों ने भरी हुंकार

पट्टी, प्रतापगढ़। उड़ैयाडीह बाजार से पृथ्वीगंज बाजार तक समाजवादी पार्टी के नेताओ और कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली निकाल कर सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया। साइकिल रैली में पट्टी विधानसभा के नेताओ और कार्यकर्ताओ ने सरकार के विरुद्ध हुंकार भरते हुए नीतियों का विरोध किया। इस मौके पर पट्टी विधानसभा अध्यक्ष रामबचन यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यूथ असगर अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष भैयाराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर पासी विधानसभा पट्टी सचिव जेपी यादव दीपक यादव, शुभम यादव, सतीश यादव आदि साइकिल रैली में मौजूद रहे। उधर विश्वनाथगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय पांडे के नेतृत्व में मोहनगंज बाजार से मीरा भवन चौराहे तक साइकिल यात्रा निकाली गयी। इस दौरान संजय पांडे ने महंगाई भ्रष्टाचार महिला उत्पीड़न एवं किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है और इस सरकार में युवाओं किसानों महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। इस मौके पर सपा के विश्वनाथगंज विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार यादव, सेक्टर प्रभारी रामखेलावन यादव, राघवेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अहमद अली, जिला सचिव लाल प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सैनिक चंद्रलोक तिवारी के घर पहुंच प्रमोद तिवारी ने दी श्रद्धांजलि

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के सराय नानकार गांव में सीडब्लूयूसी मेंबर प्रमोद तिवारी पहुंचे। इस दौरान वे चंद्रलोक तिवारी के यहां पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और चंद्रलोक तिवारी को शहीद का दर्जा दिये जाने की मांग केन्द्र व प्रदेष सरकार से की।

उन्होंने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को भेजे पत्र में उन्होंने सैनिक के परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई। संवेदना पाकर चंद्रलोक तिवारी के पिता प्रमोद के कंधे पर सिर रखकर फफक पड़े जिससे माहौल गमगीन हो गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भारतीय सेवा की वर्दी पहने और अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हो जाए, उस पर यह सिद्धान्त लागू होना चाहिये। उन्होंने

## सैनिक के परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता के लिये सीएम को भेजा पत्र



कहा कि भारतीय सेवा का हर जवान हर समय अपने कर्तव्य का पालन करता है। उन्होंने कहा कि शहीद होने पर वीर जवान के परिवार को वही सैनिक सम्मान और सुविधाएं दी जानी चाहिये जो कारगिल युद्ध के दौरान मानक तय किये गये थे। उन्होंने चंद्रलोक तिवारी के पिता को ढांढस बंधाया। इस मौके पर पंडित श्याम किशोर शुक्ला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी समेत तमाम कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

### दर्जनों सरकारी देशी-विदेशी मदिरा दुकानों का हुआ निरीक्षण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में तहसील पट्टी स्थित आबकारी दुकान का आकस्मिक निरीक्षण पट्टी एसडीएम धीरेंद्र प्रताप सिंह की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। इस दौरान निरीक्षण स्थानीय थाने का स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के क्रम में देसी शराब दुकान तथा विदेशी मदिरा दुकान व बीयर दुकान ताला बाजार, दीवानगंज, बनी तेरहमील, पट्टी नगर, नारंगपुर,सदहा, दाउदपुर, अमरगढ़ का निरीक्षण किया गया। दुकानों पर उपलब्ध मदिरा की सूक्ष्म रुप से वैधता की जांच की गई। किसी भी दुकान पर अवैध मदिरा की बरामदगी नहीं हुई। आबकारी इंस्पेक्टर आनंद शुक्ला ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी परिवर्तन कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# रानीगंज में पुलिस मुठभेड़ में शातिर अभियुक्त घायल, गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज क्षेत्र में देखभाल/गश्त चेकिंग में पुलिस भ्रमणशील थी कि मुखबीर खास द्वारा थाना स्थानीय के वांछित अभियुक्त मो0 अतहर पुत्र नसीमउल्ला निवासी गहरीचक थाना कंधई की छैवा पुल के तरफ से आने की सूचना प्राप्त हुई।

इस सूचना पर थाना रानीगंज पुलिस व स्वाट टीम प्रतापगढ़ मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंची। कुछ देर बाद दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल से आते दिखायी दिये। संदेह होने पर जब पुलिस टीम द्वारा उन्हे

## अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस व अपाचे मोटर साइकिल बरामद

रोकने का प्रयास किया गया तो वे भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया जाने लगा। बुढ़ौरा कुम्भापुर गांव जाने वाले मोड़ के पास पकड़े जाने के डर से उनके द्वारा पुलिस टीम के ऊपर फायर किया गया जिसके जवाब में पुलिस टीम द्वारा सुराक्षार्थ फायरिंग की गई, जिसमें एक गोली अभियुक्त मो0 अतहर पुत्र नसीमउल्ला के बांए पैर में लग गई एवं अन्य दूसरा अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त अतहर के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस, चार खोखा कारतूस व एक बिना नम्बर की अपाचे मोटर साइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ लाया गया है। फरार अभियुक्त को चिह्नित कर लिया गया है।

# बूथ स्तर पर हो कमेटियों का गठनः राघवेन्द्र

## अपना दल (एस) की मैराथन समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** मिशन 2022 के मद्देनजर अपना दल एस ने संगठन की कमियों को ठीक करने का काम शुरू कर दिया है। पार्टी का लक्ष्य है कि हर बूथ पर कम से कम 10 सक्रिय कार्यकर्ता तैयार किया जाएं। इसके लिए गुरुवार को पूर्वी जोन के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में भगवा चुंगी स्थित देवकली लॉन में मैराथन समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले भर से जोन स्तर तक के पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सचिव राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला, विधानसभा और जोन के पदाधिकारियों से कहा कि 31 अगस्त तक बूथ स्तर तक की कमेटियों का गठन जरूरी है। सह प्रभारी राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव में मिली सफलता से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इस दौरान सह प्रभारी राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य राजेश पटेल बुलबुल व सह प्रभारी युवा मंच के राष्ट्रीय महासचिव विजय चौरसिया ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान डा0 सोनेलाल के नाम मेडिकल कालेज करने पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रजेश पटेल व संचालन प्रान्तीय सदस्य विधि मंच परमानंद मिश्र ने किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव प्रदुषण वोर्ड सदस्य राजेन्द्र प्रसाद पाल, सदर विधायक राजकुमार पाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमित पटेल, पूर्व जिला प्रभारी शिवमूरत पटेल, आदि मौजूद रहे।

### मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल रामकोला में मंडल कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को संपनन्न हुई जिसमें संगठन के कार्यकर्ताओं ने बूथ को मजबूत करने के लिए 2022 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए अपने विचार रखे। बैठक में मुख्य अतिथि अवधेश कुमार मिश्र पूर्व राज्यमंत्री एवं मंडल प्रभारी विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह ब्लाक प्रमुख पट्टी तथा मंडल अध्यक्ष राम आसरे शुक्ला की अगुवाई में संपनन्न हुई।

# जुमई खां ने अपनी कविता से गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम कीः राजकुमार

## स्व0 जुमई खां के जन्मदिवस पर साकेत ग्रुप आफ कालेजेज में हुआ कार्यक्रम

**प्रतापगढ़।** साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज की शाखा वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन, चौरा में प्रतापगढ़ की धरती पर जन्में अवधी भाषा के महान कवि स्व0 जुमई खाँ आजाद के जन्म दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर विधायक राजकुमार पाल, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह द्वारा किया गया।

इस मौके पर विधायक राजकुमार पाल ने कहा कि जुमई खाँ आजाद बेल्हा की धरती पर जन्म लेकर अपनी कविताओं के माध्यम से पूरे भारत में गंगा जमुनी तहज़ीब की एक अद्भुद मिसाल कायम की। हरिप्रताप सिंह ने कहा कि स्व0 जुमई खाँ आजाद द्वारा लगभग 21 काव्य अवधी भाषा में संकलित किये गये हैं। इस दौरान पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी ने अपना आनलाइन भाषण दिया। कार्यक्रम में डॉ0 राजेन्द्र कुमार यादव प्रधानाचार्य जी0आई0सी0 लोहंगपुर ने स्व0 जुमई खाँ आजाद के बारे में जानी अन्जानी बातों से परिचित कराया। उसके बाद स्व0 जुमई खाँ आजाद के पुत्र श्री मुर्तजा आजाद ने उनके द्वारा रचित कुछ अवधी कविताओं को सुनाया।

कार्यक्रम में आये हुये आगन्तुकों का स्वागत करते हुए प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा ये परिवार स्व0 जुमई




खाँ आजाद की समस्त रचनाओं को महाविद्यालय की पुस्तकालय में संग्रहित करेगा। कार्यक्रम में डॉ0 बृज भानु सिंह, प्राचार्य पी0बी0पी0जी0 कालेज प्रतापगढ़, डॉ0 एस0 पी0 त्रिपाठी, भूतपूर्व प्राध्यापक एम0डी0पी0जी0 कालेज, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, शिवमूर्ति सिंह, अंजनी सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन की प्रधानाचार्या यशोदा श्रीवास्तव द्वारा आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार जताया।

### एलायंस क्लब द्वारा 335 लोगों का हुआ टीकाकरण

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा चलाए जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के क्रम में चिलबिला पश्चिमी स्टेशन रोड बाबा मेडिकल स्टोर पर कैंप लगाया गया जिसमें लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। गुरुवार को 335 लोगों का टीकाकरण किया गया। क्लब के इंटरनेशनल कमेटी चेयरमैन रोशनलाल ने बताया कि क्लब टीकाकरण के शुभारंभ से ही टीकाकरण अभियान चला कर जनमानस को जागरूक कर सभी को टीका लगवाने की अपील कर रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक क्लब के प्रयास से लगभग 15500 लोगों को टीका लगवाया जा चुका है। इस दौरान सहयोग करने वालों में सूरज कुमार, विनोद पांडे, हरेंद्र सिंह, ऋषभ, पवन कुमार, मारुत कुमार, विवेक कुमार यादव आदि रहे।

# 55 लीटर अवैध शराब बरामद, छह पर रिपोर्ट दर्ज

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के मंडलभासौ गांव में आबकारी विभाग के आबकारी निरीक्षक पीयूषविक्रम एवं बाघराय पुलिस टीम ने छापा मारकर भोर में अमरावती देवी पतनी बुधराम, इंदल पुत्र रामधन, राम सजीवन पुत्र जोखू के घर से क्रमशः 10-10 लीटर शराब बरामद किया। साथ ही उपकरणों को भी नष्ट किया गया। इसी क्रम में कटरा में थाना बाघराय के उपनिरीक्षक धनंजय राय ने लल्लू पुत्र भगवती निवासी टेकीपट्टी कटरा के पास से 15 लीटर शराब एवं उपकरण बरामद किए गए। इसी प्रकार शिवनीकपुरवा में एसआई जगदीश वर्मा ने रेखा पतनी नान्हू व कमलेश पुत्र रामलाल के पास से क्रमशः 5-5 लीटर शराब एवं उपकरण बरामद किए गए। उक्त सभी लोगों के विरुद्ध थाना बाघराय में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार की मां के निधन पर प्रेस क्लब ने जताया शोक

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सिंह की माता रेशमा सिंह का इलाज के दौरान बुधवार की शाम प्रयागराज में निधन हो गया। उनके निधन पर जनपद के मीडिया कर्मियों ने संवेदना व्यक्त किया। प्रतापगढ़ प्रेस क्लब इकाई पट्टी के पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार की मां के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन कर अपनी संवेदना जताई तथा पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर अध्यक्ष परशुराम ओझा, संगठन मंत्री रोहित जायसवाल, सचिव मनोज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष पियूष सिंह, कोषाध्यक्ष, प्रदीप मिश्रा, संरक्षक सुधीर श्रीवास्तव, संरक्षक सुरेश शुक्ला, समेत तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## भाजपा की सरकार ही कर सकती है देश का समुचित विकास ः डॉ अजय कुमार

**जसरा/ प्रयागराज।** भाजपा जसरा मंडल कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को जसरा ब्लाक सभागार में नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पनन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाए और पार्टी को एक बार पुनः प्रचंड बहुमत से सरकार बनाये। विधायक बारा डा0अजय कुमार ने कहा कि पार्टी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बताए रास्ते पर चलकर सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर चल रही है। जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से गुंडों माफियाओं का खात्मा,अपहरण डकैती बलात्कार जैसी अराजकता खत्म करने का काम प्रदेश की योगी सरकार ने किया हैं।

# प्रधानमंत्री अन्न महोत्सव के अंतर्गत लाभार्थियों को अन्न वितरण किया गया

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** दिन गुरुवार को नगर स्थित राशन की दुकानों पर भव्य रूप से अनन्‍ महोत्सव का आयोजन किया गया।इस दौरान अनाज देने वाले लाभाथिर्यों को सरकार की तरफ़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो छपे बैग का भी वितरण किया गया।गुरुवार को गोपीगंज में व्यापक पैमाने पर राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के लाभाथिर्यों को वितरण किए गए आमंत्रण -पत्र पहले से वितरण किया गया था। गरीब कल्याण अनन्‍ योजना के तहत लोगों को निःशुल्क राशन वितरण किया गया। बताते चलें कि गोपीगंज के 10 सरकारी सस्ते



गल्ले की दुकानों पर इस योजना के तहत लाभाथिर्यों को अनाज वितरण किया गया। मुख्य बात यह रही की प्रत्येक दुकानदारों को मात्र 34 कैरी बैग उपलब्ध कराए गए थे। नगर के पश्चिम मोहाल के कोटेदार चंद्रभान अगिन्होत्री की दुकान पर नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद किरण सिंह लेखपाल अमरेश पांडे सभासद संतोष मोदनवाल भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अभिनव पांडेय सभासद अरुण कुमार उर्फ मिंकू मधुबाला मिश्रा को सभासद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## 72 हजार का जुर्माना 65 गाड़ियों का हुआ चालान, दो बुलेट को किया सीज

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** नगर गोपीगंज चौराहा व मिर्जापुर तिराहे पर आज दिन बृहस्पतिवार को ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव बुलेट मोटर साइकिल चालकों को नही छोड़ा। साइलेंसर में बदलावकर तेज आवाज पर पकड़े जाने पर दो बुलेट को सीज किया गया। बताते चले की सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने पुलिस अधिक्षक संग सभी ट्रैफिक व थाने को आदेशित किया की नगर में तेज आवाज के साथ चलने वाली बुलेट मोटर साइकिल को सीज किया जाय, जिसके तहत दिन बृहस्पतिवार को नगर गोपीगंज में दो बुलेट को सीज किया वही 65 गाडि़यों का चालान बिना मास्क, हेलमेट, तीन सवारी में किया साथ ही 7200 का नगद जुर्माना कर छोड़ दिया।

# मोहर्रम के पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** कोतवाली परिसर में ज्ञानपुर सदर क्षेत्राधिकारी अशोक सिंह ने मोहर्रम के पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 कोरोना को देखते हुए, सभी धर्म स्थल को बंद कर दिया गया है। मोहर्रम में ताजिया जुलूस निकालने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। किसी भी तरह के चौक पर ताजिए नही रखे जाएंगे, फातेहा पढ़ने पर कोई पाबंदी नहीं है, चौक पर भीड़ न लगाए आस्था के अनुसार आते जाते रहे। अपने-अपने घरों में रहकर परिवार के संग पर्व मनावे। असामाजिक तत्व पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

वहीं थाना प्रभारी के के सिंह ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले या किसी भी तरह के उपद्रव करने



वाले की सूचना अविलंब थाना को दें ताकि समय से लोगों पर कार्यवाही की जा सके। ताजिया भी किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं रखी जाएगी। इस मौके पर थाना क्षेत्र के सभी अखाड़े दार मौजूद रहे मुख्य रूप से नगर के शेख सलामत अखाड़े दार सरवर खान सराय महाल के धूम का के अखाड़े दार मोहम्मद हनीफ फारुकी सहित भगवतपुर, गिराई, मेवाड़ापुर, गहरपुर, बरजी, डेरवा, जंगीगंज, फकीरान के अखाड़े दार सहित सैकड़ो गणमान्य लोगों ने मुहर्रम पर्व के बैंठक में भाग लिया।

## घोटाले के आरोप में दो सेवानिवृत्त इंजीनियर गिरफ्तार, गए जेल

अखंड भारत संदेश

**भदोहा।** सुरियावां थाना क्षेत्र के चक गुमानी गांव में आश्रम पद्धति विद्यालय के घोटाले के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस नेगुरुवार को दो लोगों को सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता सरोज कुमार एवं अवर अभियंता महेंद्र प्रताप सिंह को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया।ज्ञातव्य हो कि वर्ष वर्ष



2012/13 में विद्यालय का निर्माण शुरू कराया गया था। शासन की ओर से इसके लिए13.50 करोड़ की स्वीकृत हुआ था। शासन के निर्देश पर कराई गई जांच में बगैर काम कराए ही2356159 का फर्जी भुगतान कर दिया गया था। इस मामले में सहायक अभियंता मनोज कुमार श्रीवास्तव पूर्व सिडको जौनपुर ने पूर्व अधिशासी अभियंता सरोज कुमार, अधिशासी अभियंता डीएन सिंह, हीरालाल और अवर अभियंता महेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ सुरियावां थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था। प्रभारी थाना अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र एवं कांस्टेबल रणजीत सिंह, विकास कुमार ने पूर्व अवर अभियंता महेंद्र प्रताप सिंह निवासी अजय विहार कॉलोनी टकटकपुर वाराणसी को घर से गिरफ्तार किया वही अधीक्षण अभियंता सरोज कुमार श्रीवास्तव निवासी रामचंद्रपुर सलोरी, कर्नलगंज प्रयागराज को सुरियांवा बाईपास चौराहे से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## शिव भक्तों द्वारा किया गया बाबा का जलाभिषेक

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज/भदोही।** सावन माह के तेरस शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। क्षेत्र के सरई पठखानी गांव के दर्जनों शिव भक्तों ने स्थानीय रामपुर गंगा घाट से जल भर कर बाबा सर्वेश्वर धाम पहुंच कर गंगाजल, दूध, शहद, बेलपत्र, धतूर व पुष्प आदि चढ़ाकर जलाभिषेक किया और अपनी मनन्तें मांगीं। सावन महीने में पड़ने वाले तेरस शिवरात्रि का विशेष महत्व है। इसलिए मंदिर में दूरदराज के श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भक्तों



ने अपनी मनन्तें लेकर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की। पुराणों के अनुसार सावन माह के शिवरात्रि तेरस में महादेव की आराधना से शिव और शक्ति दोनों प्रसनन्‍ होते हैं। उनकी कृपा से दैविक, दैहिक और भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## मनसैता पुल के नीचे अज्ञात युवक का मिला शव

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मनसैता पुल के नीचे एक लावारिस युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मिली जानकारी के मुताबिक सुबह जब ग्रामीणों ने सौच के लिए पुल के नीचे गए तो देखा कि एक लावारिस युवक की शव खून से लथपथ दिखाई दिया। देखते ही देखते ग्रामीण वासी भी जुट गए इसकी जानकारी थरवई पुलिस को दिया गया सूचना मिलते ही पुलिस ने लाश की कोई पहचान ना करते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दिल्ली में नौ साल की दलित बच्ची के साथ हुए कृत्य पर निकाला कैंडल मार्च



अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महमूद खान ने गोपीगंज के जीटी रोड चौराहे के शिव मंदिर पर इकट्ठे होकर दिल्ली में रविवार शाम नौ साल की दलित बच्ची की संदिग्ध मौत हुई थी. दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। आरोप है कि श्मशान के एक पुजारी और उसके साथियों ने बच्ची के साथ बलात्कार किया और हत्या करने के बाद लाश को जला दिया त् पुलिस पर भी मामले को दबाने के आरोप लगे हैं. हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है त् वहीं कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार शाम कैंडल मार्च निकाल कर आरोपियों को फांसी देने की मांग की और पीडि़त परिवार को न्याय दिलाने की मांग किया।

## पंचर बनाने वाले को पुलिस ने पीटा व्यापारियों ने किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** जनपद के मोढ़ बाजार में मोढ़ पुलिस द्वारा एक व्यापारी को थप्पड़ जड़ने पर आक्रोशित व्यापारियों ने चक्काजाम कर दिया।घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि मोढ़ पुलिस चौकी के एक जवान का मित्र अपने मोटर साईकिल का पंचर बनवाने के बाद अपने साथी सिपाही को बुला लिया।सिपाही ने दुकानदार से कहा कि अब हम लोगों से ही पैसा लोगे व्यापारी ने कहा कि पैसा तो देना ही पड़ेगा इतने में सिपाही ने व्यापारी को पीट दिया व व्यापारी को थाने ले गयें।

# राशन के साथ मुफ्त थैला पाकर खिले चेहरे

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/ प्रयागराज।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्‍ योजना के अंतर्गत निःशुल्क अनन्‍ वितरण का कार्यक्रम यमुनापार क्षेत्र के शंकरगढ़ और नारीबारी में सरकारी राशन की दुकानों में किया गया।इस दौरान राशन के साथ मुफ्त थैला पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।

यमुनापार के शंकरगढ़ सदर बाजार में चेयरमैन लल्लू कनौजिया की अगुवाई में दर्जनों लोगों को राशन का वितरण किया गया। इस मौके पर सभासद सुधा गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अनूप केशरवानी,महमूद अली,उमा वर्मा, लिपिक प्रदीप कुमार, कोटेदार नीरज केसरवानी, मनीष केसरवानी सूरज कुमार,

## अन्न महोत्सव में जन प्रतिनिधियों ने कार्डधारकों को बांटा राशन



अखिलेश, कमलेश केशरवानी आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह कल्याणपुर में ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी की अध्यक्षता में राशन का वितरण किया गया।

इसीतरह अनन्‍ महोत्सव कार्यक्रम के तहत नौढिया उपरहार में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर निशुल्क खाद्यानन्‍ का वितरण करवाया गया।

मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथुन कुमार,शिक्षक मनीष कुमार,कोटेदार हरीनाथ भदोरिया व समस्त ग्राम लाभार्थी उपस्थित रहे।इसीतरह नारीबारी क्षेत्र के झंझरा चौबे ग्राम सभा में कविता स्वयं सहायता समूह व जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी द्वारा लाभाथिर्यों को निः शुल्क राशन का वितरण 25 किलो भार क्षमता वाले थैलों में किया।

इसीतरह जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती अपनी टीम के साथ लोहरा व भारत नगर राशन की दुकान पर वितरण करने पहुंचे, जहां पर झोला उपलब्ध ना होने पर उपजिलाधिकारी बारा से बात कर प्रत्येक केंद्रों पर निःशुल्क झोला उपलब्ध कराने की बात कही।

इस अवसर पर भारी संख्या में लाभार्थी महिला, पुरूष उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी योगी सरकार ने सबको राशन, सबको पोषण के तहत निःशुल्क अनन्‍ वितरण करके गरीबों के आफत काल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।मौके पर जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला,मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## बहरिया के कई गांवों से निकाली गयी सपा रैली



अखंड भारत संदेश

**बहरिया।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महंगाई बेरोजगारी किसानो का हनन बलात्कार भष्टाचार आदि का विरोध प्रदर्शन हेतु 256 विधानसभा फूलपुर डा सरताज आलम जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ ने बहरिया ब्लाक पे हरी झन्डी दिखाकर साईकिल रैली को रवाना किया एव साइकिल चला कर भी विरोध दर्ज किया।बहरिया ब्लाक से होते हुये रामगढ कोठारी मैलहा सिकन्दरा ढोकरी शेखपुर फूलपुर तहसील पर समापन किया गया।साइकिल चलाने मे समाजवादी साथी शान यदुवंशी, प्रधान गुफरान मालिक, अमित यादव, जीशान सिद्दीकी, अरमान मलिक, प्रमोद यादव, अज्जू, सीताराम यादव प्रधान फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर, वसीम बी डी सी,सकील बीडीसी आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा ने निकाली जानेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर साइकिल यात्रा



अखंड भारत संदेश

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव आने के साथ ही सियासी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं।एक बार फिर समाजवादी पार्टी साइकिल यात्रा के जरिये यूपी के सिंघासन पर काबिज होने की तैयारी कर रही हैं।इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी जानेश्वर मिश्र की जयंती पर आज पूरे उत्तर प्रदेश में साइकिल यात्रा निकाली गई।मंहगाई, बेरोजगारी और खेती किसानी सहित तमाम मुद्दे। समाजवादी पार्टी के प्रखर नेता स्व जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर मेजा विधानसभा क्षेत्र मे साइकिल यात्रा निकाली गई। साइकिल यात्रा निकाल सपाइयों ने भाजपा सरकार की नाकामियों का विरोध किया।बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मेजा विधानसभा अध्यक्ष श्याम कृष्ण सिंह यादव(पप्पू) चैयरमेन नगर पंचायत सिरसा एवं उरूवा ब्लाक प्रमुख आरती गौतम एवं उरूवा ब्लाक प्रमुख के पति पप्पू गौतम के नेतृत्व मे अमिलहवा चौराहा से औंता महावीर तक साइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा मे साइकिल सवार कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की नाकामियों का जमकर विरोध किया। सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को लूटने एवं ठगने का काम किया है। कमरतोड़ मंहगाई से गरीब व्यक्ति हताश व परेशान है। साइकिल यात्रा मे दिवाकर सिह यादव(एडोकेट) जय शंकर यादव (बबलू) क्षेत्र पंचायत सदस्य, रामशिरोमणि विश्वकर्मा (नाहक)प्रधान प्रतिनिधि, विमलेश कुमार यादव,दीपू सिंह, रचित विश्वकर्मा, मोनू मिश्र सभासद, लवकुश यादव, अरविंद यादव प्रधान, कमलेश कुमार यादव सेक्टर प्रभारी, आकाश यादव शनि, अंकित यादव, आमोद यादव,अधिवक्ता सन्दीप यादव, दिलीप विश्वकर्मी कमल यादव, निरजेश बिन्द, प्रवीण वर्मा, प्रदीप, अनुज, नितेश, अंकुश कनौजिया, राज विश्वकर्मा, डब्लू पाल, अर्जुन सिंह, राहुल सहित सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

# बिजली की समस्या समाधान हेतु जनप्रतिनिधि सक्रिय होकर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : प्रवीण पटेल

अखंड भारत संदेश

सहसों । क्षेत्र के मलावां पावर हाउस पर गुरुवार को विद्युत विभाग द्वारा समस्याओं के निस्तारण के लिए जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने कहा कि गांव स्तर पर जनप्रतिनिधि बिजली की सभी समस्याओं के लिए जागरूक होकर लिखित रूप से अवगत कराएं। जिसका निस्तारण सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत शीघ्र हो जाएगा। उन्होंने



उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि गांव में लो वोल्टेज की समस्या के लिए क्षेत्र के बेलवा तथा छिबैया के आसपास विद्युत सबस्टेशन बनाए जाने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त जर्जर विद्युत तारों को बदलने तथा अधिभार वाले ट्रांसफार्मर को बदलने का सुझाव दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सरकार द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सभी समस्याओं के निराकरण के लिए योजना चलाई है जिसका लाभ सभी लोग उठाएं। इस अवसर पर डायरेक्टर आफ कमशिर्‍यल इंजीनियर ओपी दिक्षित ने बताया कि भारत सरकार ने विद्युत व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पूरे देश में तीन लाख करोड रुपए निर्गत किया है। उसी के तहत गांव-गांव में जर्जर विद्युत तारों को बदलने, अधिभार वाले ट्रांसफार्मर को बढ़ाने के साथ आवश्यकता अनुसार विद्युत उपकेंद्र बनाने जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से की जाएंगी। जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि सभी लोग अपने गांव के किसी भी तरह की विद्युत संबंधित समस्या को लिखित रूप से अवगत कराएं। निसंदेह दूर किया जाएगा। सरकार की मंशा के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान त्वरित रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के पश्चात डायरेक्टर सहित अन्य विद्युत अधिकारियों ने जन समस्याओं को सुनते हुए शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके पूर्व ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने गांव स्तर के सभी विद्युत की समस्याओं को लिखित रूप से क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल को अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसडीओ राकेश कुमार ने सरकार की योजनाओं का संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कर लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन जेई इंद्रेश यादव ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, प्रांशु तिवारी, सुभाष चंद्र मिश्रा, ग्राम प्रधान तिवारीपुर बाल गोविंद तिवारी ,चंद्रभान सिंह, पप्पू मिश्रा ,टीएन सिंह, रविंद्र सिंह, संदीप दुबे, रोहित सिंह, राजमणि, राजीव मिश्रा सहित भारी संख्या में उपभोक्ता सहित लोग उपस्थित रहे।

## बीडीओ के आदेश से खोदा गया जसरा का तालाब

अखंड भारत संदेश

**जसरा /प्रयागराज।** जसरा लाइनपार में केसरवानी धर्मशाला के सामने एक पुराना तालाब था। जो धीरे-धीरे करके पूरी तरह से पट गया। जिसके कारण बाजार व गांव का पूरा पानी सड़क पर जमा रहता था। बरसात के मौसम में पानी न निकलने के कारण गलियां और राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क तालाब के रूप में बदल जाया करती हैं । ग्रामीणों के बार-बार शिकायत करने पर खंड विकास अधिकारी जसरा अमित मिश्र ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जेसीबी से पूरे



तालाब की खुदाई करा करके तथा कचरे को ट्रैक्टर द्वारा दूर निस्तारित किया गया।साथ ही चेतावनी दिया गया कि इस तालाब को पानी बहाने के अलावा अगर अन्य किसी तरह से भी प्रयोग किया गया तो दंडात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। आज की कार्रवाई से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं लोग घरों के अंदर हो रहे लगातार जल जमाव से राहत की सांस मिलने से प्रसनन्‍ दिखाई दिये। इस मौके पर प्रमुख रूप से जसरा प्रधान आशीष सोनकर ,सुरेंद्र केसरवानी उर्फ सोनू,शंकरलाल मधुकर,अशोक सोनकर, सुशील केसरवानी,बबलू डंडा सहित कई लोगों ने प्रसनन्ता व्यक्त किया है।

## श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज का शत प्रतिशत उत्कृष्ट रहा प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**करछना।** सी बी एस ई घोषित परिणाम के नतीजों में श्रीमती इंदिरा गाँधी इंटर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा कौंधियारा के छात्रों ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में प्रदर्शन बेहतरीन रहा। हाईस्कूल में प्रियम शुक्ला ,ओम प्रकाश,शना बानो,खुसबू कुशवाहा ,अवधेश कुमार,अंकित केसरवानी ,,अंकित कुशवाहा,शशांक तिवारी,अजय केसरवानी, गौरव साहू ,,विकाश तिवारी को एवं सत्यम तिवारी ,कंचन कुमारी एवं विवेक कुमार , प्रतिशत अंक एवं इंटर में सुजीत पांडेय ,प्राची केसरवानी ,संजू प्रजापति ,निधि पांडेय ,अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार का मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पांडेय सहित विद्यालय परिवार ने सभी सफल भैया-बहनों को शुभाशीष देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## सम्पादकीय

### हिरासत में मौतें

किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह स्थिति शर्मनाक कही जाएगी। जो लोग पुलिस हिरासत में लिए जाते हैं, उनके अपराधी होने का संदेह भले हो, लेकिन उनका अपराध साबित नहीं हुआ होता है। इसलिए उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार की इजाजत संविधान नहीं देता। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि देश में पिछले तीन वर्षों में पुलिस हिरासत में 348 लोगों की मौत हुई और 1,189 लोगों को यातनाएं दी गईं। इसके साथ दिए गए वर्षवार आंकड़े बताते हैं कि हर साल इस संख्या में कमी देखी गई है। 2018-19 में 136 लोगों की मौत हुई थी, जो 2019-20 में घटकर 112 हुई और 2020-21 में और कम होकर 100 पर आ गई। मगर इसी सवाल के अगले हिस्से में यह भी पूछा गया था कि इन मौतों के लिए दोषी अफसरों के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई की गई। इसका जवाब केंद्र सरकार के पास नहीं था क्योंकि कानून व्यवस्था और पुलिस से जुड़े मामले राज्य सरकार के अंतर्गत आते हैं।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि राज्य सरकारें ऐसे मसलों को किस रूप में देखती हैं और क्या वे इसे पर्याप्त अहमियत देती हैं। औपचारिक तौर पर दावे चाहे जो भी किए जाएं, विभिन्न रिपोर्टों के आंकड़ों का अधूरापन बताता है कि उस तरह की पारदर्शिता बरतने में हमारी सरकारों की दिलचस्पी नहीं है, जैसी कि किसी लोकतांत्रिक देश में अपेक्षा की जाती है। उदाहरण के लिए, एनसीआरबी (नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले दस वर्षों में देश में हिरासत में हुई कुल 1004 मौतों में से 40 फीसदी या तो स्वाभाविक मौत थी या फिर बीमारी का परिणाम। इसके अलावा 29 फीसदी मौतें खुदकुशी थीं। यानी 69 फीसदी मौतों के लिए ये दोनों कारण जिम्मेदार थे। फिर भी इन रिपोर्टों से यह स्पष्ट नहीं होता कि बीमारी लंबे समय से चल रही थी या अचानक हुई या पुलिस हिरासत में मारपीट का नतीजा थी। यही नहीं, हिरासत में होने वाली मौतों की संख्या को लेकर भी एनसीआरबी और एनएचआरसी (नैशनल ह्यूमन राइट्स कमिशन) के आंकड़ों में अक्सर अंतर देखा जाता है। जानकारों के मुताबिक इस मामले में सरकारी तंत्र को उत्तरदायी बनाने की राह में एक बाधा यह भी है कि मौजूदा कानूनों के मुताबिक संबंधित पुलिस अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए सरकार की पूर्वानुमति लेनी पड़ती है और अमूमन सरकारें इस मामले में उदार रुख नहीं अपनातीं।बहरहाल, किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह स्थिति शर्मनाक कही जाएगी। जो लोग पुलिस हिरासत में लिए जाते हैं, उनके अपराधी होने का संदेह भले हो, लेकिन उनका अपराध साबित नहीं हुआ होता है। इसलिए उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार की इजाजत संविधान नहीं देता। जरूरी है कि पुलिस और प्रशासनिक तंत्र को इस मामले में संवेदनशील बनाया जाए। इस दिशा में पहला कदम यही हो सकता है कि ऐसे तमाम मामलों में विश्वसनीय जांच से बचने की प्रवृत्ति पर कठोरता से अंकुश लगाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि दोषी अफसरों-पुलिसकर्मियों को कानून के मुताबिक उपयुक्त सजा हर हाल में मिले।

# सरकारी कर्मचारियों को इतना वेतन क्यों

**भरत झुनझुनवाला**

हमारे संविधान में कल्याणकारी राज्य की कल्पना की गई है यानी सरकार का मूल उद्देश्य जनता का कल्याण है। निश्चित रूप से इसे हासिल करने के लिए सरकारी कर्मियों की नियुक्ति करनी होगी। समस्या तब आती है, जब सरकारी कर्मी जनता की सेवा कम करते और उस पर बोझ ज्यादा बनने लगते हैं। वे जनता की आय का बड़ा हिस्सा अपने वेतन के रूप में हासिल करने लगते हैं। तब सरकार का उद्देश्य जनकल्याण नहीं बल्कि कर्मी कल्याण हो जाता है।

विश्व बैंक के 'गवर्नमेंट एंप्लॉयमेंट एंड पे' अध्ययन के अनुसार, वियतनाम में सरकारी कर्मियों का वेतन देश की प्रति व्यक्ति आय का 0.9 गुना है। यानी यदि देश के नागरिकों की आय 100 रुपये है तो सरकारी कर्मियों का वेतन 90 रुपये। चीन में यह अनुपात 1.1 है। यानी वहां सरकारी कर्मियों का वेतन 110 रुपये है। इनकी तुलना में भारत में सरकारी कर्मियों का वेतन 7 गुना यानी 700 रुपये है। भारत में सरकारी कर्मियों का वेतन वैश्विक मानदंडों के अनुसार बहुत ही अधिक है। ध्यान देना चाहिए कि वियतनाम और चीन आर्थिक विकास दर में हमसे बहुत आगे हैं। सरकारी कर्मियों का वेतन सामान्य होने से उन देशों के आर्थिक विकास पर अनुकूल प्रभाव ही पड़ा है।

**हेडमास्टर का वेतन 1 लाख**

विश्व बैंक के ही दूसरे अध्ययन के अनुसार, 2009 में संपूर्ण विश्व में सरकारों की औसत खपत देश की आय का 18.0 प्रतिशत थी जो 2014 में घटकर 17.2 प्रतिशत हो गई। 2019 में यह और घटकर 17.1 प्रतिशत तक जा पहुंची। इसकी तुलना में देखें तो 2014 में भारत सरकार की खपत देश की आय का 10.4 प्रतिशत थी, जो 2020 में बढ़कर 12.6 प्रतिशत हो गई। स्पष्ट है कि जहां विश्व में सरकारी खपत में गिरावट आ रही है, वहीं भारत में यह बढ़ रही है। इसका प्रमुख कारण है सरकारी कर्मियों के वेतन का 7 गुना होना। आश्चर्य नहीं कि भारत की आर्थिक विकास दर में 2014 से निरंतर गिरावट आ रही है। राज्यों की हालत और भी कठिन है। केरल में सरकारी कर्मियों के वेतन में ही राज्य की 70 प्रतिशत आय खप जाती है और तमिलनाडु में 71 प्रतिशत। तमिलनाडु में स्कूल के हेड मास्टर का वेतन 1,03,000 रुपये प्रतिमाह है, जबकि प्राइवेट स्कूल के हेड मास्टर का वेतन, मेरे आकलन के मुताबिक 15,000 रुपये प्रति माह ही होगा।

पिछले 3 वेतन आयोगों ने सरकारी कर्मियों के वेतन में वृद्धि की। सोच यह थी कि सरकारी कर्मी के वेतन निजी क्षेत्र के समतुल्य होने चाहिए। लेकिन निजी क्षेत्र में व्यक्ति विशेष को उसकी कार्य कुशलता के अनुसार अधिक वेतन दिया जाता है। सरकारी क्षेत्र में ऐसा व्यक्तिगत मूल्यांकन और वेतन निर्धारण नहीं होता है। इसलिए विशेष कर्मियों को आकर्षित करने के लिए जो वेतन वृद्धि की जाती है, वह समस्त सरकारी कर्मियों पर लागू हो जाती है। जैसे ऊपर बताया गया कि सभी हेडमास्टर



को 1,03,000 रुपये प्रतिमाह का वेतन दिया जा रहा है। विश्व बैंक के अध्ययन 'क्या सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन अधिक हैं' में बताया गया है कि अकुशल और निचले पद के सरकारी कर्मियों के वेतन निजी क्षेत्र से बहुत अधिक हैं। अर्थ यह कि कुशल कर्मियों की छत्रछाया में बड़ी संख्या में अकुशल सरकारी कर्मियों के वेतन भी बढ़ा दिए जाते हैं। इसी का परिणाम है कि सरकार का राजस्व सरकारी कर्मियों के वेतन में ही समाप्त हो जाता है। सरकार निवेश नहीं कर पाती और हमारा आर्थिक विकास प्रभावित होता है।

उपाय यही है कि सरकारी कर्मियों के वेतन में भारी कटौती की जाए। कम से कम 50 प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। इससे बाजार में मांग बढ़ेगी। अर्थशास्त्र में एक विचार 'खपत की प्रवृत्ति' का है। किसी व्यक्ति को यदि 100 रुपये की अतिरिक्त आय होती है तो उसमें से वह कितनी रकम की खपत करता है, उसे 'खपत की प्रवृत्ति' कहते हैं। सरकारी कर्मियों के वेतन में यदि 100 रुपये की वृद्धि होती है तो उनके द्वारा, मेरे आकलन के अनुसार 20 रुपये की अतिरिक्त खपत की जाएगी क्योंकि उनके घर में एसी, फ्रिज इत्यादि पहले से ही मौजूद हैं। इसकी तुलना में यदि किसी झुग्गीवासी की आय में 100 रुपये की वृद्धि हो जाए तो वह 80 रुपये की अतिरिक्त खपत करेगा। इसलिए यदि 100 रुपये का वेतन सरकारी कर्मी से काटा जाए तो खपत में 20 रुपये की गिरावट आएगी; और वही 100 रुपये झुग्गीवासी को दे दिया जाए तो उसकी खपत में 80 रुपये की वृद्धि होगी। इस पुनर्वितरण से 60 रुपये की अतिरिक्त मांग बाजार में उत्पन्न हो जाएगी। सरकार की जेब से एक रुपये का भी अतिरिक्त खर्च नहीं होगा। कई देशों ने कोविड के संकट के समय अपने सरकारी कर्मियों के वेतन में कटौती की है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार पराग्वे में 20 प्रतिशत की कटौती की गई है।

**अफसरों का मूल्यांकन हो**

पांचवें वेतन आयोग ने संस्तुति की थी कि सरकारी कर्मियों की प्रस्तावित वेतन वृद्धि को एक सम्मिलित पैकेज के रूप में लागू किया जाए। साथ-साथ कहा गया था कि क्लास 'ए' अधिकारियों का हर 5 वर्ष पर बाहरी मूल्यांकन कराना चाहिए। सरकार ने इनके वेतन में वृद्धि कर दी जबकि मूल्यांकन को ठंडे बस्ते में डाल दिया। सरकार की कार्यकुशलता को नहीं सुधारा जा सकता है तो वेतन में कटौती तो की ही जा सकती है। देश संकट में है। चीन पिछले 30 वर्ष में अपने सरकारी कर्मियों को प्रति व्यक्ति औसत आय के बराबर वेतन देकर हमसे बहुत आगे निकल गया है। वियतनाम भी आगे निकलता जा रहा है। हम अपने सरकारी कर्मियों को अधिक वेतन देकर पिछड़ते जा रहे हैं। इसलिए जरूरत है कि सरकार कठोर कदम उठाते हुए सरकारी कर्मियों के वेतन में भारी कटौती करे और उस रकम को आम आदमी के बैंक खातों में डाल दे। इससे बाजार में तत्काल मांग उत्पन्न हो जाएगी और अर्थव्यवस्था चल निकलेगी।

# संसद में गतिरोध समाप्त होना चाहिए

**अभिषेक कहिना**

(भारतीय संसद -फोटो साभार : वेब )संसद के मानसून सत्र के शुरू होने के बाद से पिछले तीन हफ्तों से संसद के दोनों सदनों में जिस तरह से हंगामा चल रहा हैं और बार बार संसदीय कार्यवाही अवरुद्ध हो रही हैं,उससे एक बात तो साफ़ हैं विपक्ष और सरकार दोनों में से कोई भी पीछे नहीं हटने वाला हैं।कोरोना की दूसरी लहर के बाद मानसून सत्र बुलाने से पहले सरकार इतना तो मानकर चल रही थी ये सत्र पिछले आठ महिनों से कृषि कानूनो के विरोध में चल रहे आंदोलन,कोरोना की दूसरी लहर के शुरूआती दौर में फैली अव्यवस्थाओ और पैट्रोल,डीजल,रसोई गैस की बढती कीमतों जैसे मुद्दे को लेकर हंगामेदार रहेगा,शायद ये अंदाजा नही था कि सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष को बैठे बिठाये इस्राइली स्पाईवेयर पेगासस का मुद्दा मिल जायेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी



ने संसदीय दल की बैठक में कहा है कि विपक्ष संसद नही चलने दे रहा है ये लोकतंत्र का अपमान है,दूसरी ओर इसी बैठक के समान्तर कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने विपक्षी दलों के लिए ब्रेकफास्ट बैठक का आयोजन किया जिसका उद्देश्य विपक्ष में एकता बनाकर सरकार को घेरने की रणनीति तय करना था हालांकि इस बैठक में आम आदमी पार्टी और बसपा ने भाग नहीं लिया,बैठक में हिस्सा ना लेने पर आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह का बयान आया कि बैठक में भाग लेना जरूरी नही है मगर वो सरकार के खिलाफ विपक्ष के साथ है,उधर भले ही मायावती ट्वीट करके पेगासस जासूसी मामले में मांग करती हैं,मगर लगता है वो इस बात से कन्नी काट रही है कि राहुल गाँधी नेतृत्व करे।संसद में सूचना एंव प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव बयान देकर दावा कर चुके है कि इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है।बीजेपी के एक प्रवक्ता का कहना है कि अगर पेगासस जासूसी हुई हैं तो विपक्ष एफआईआर दर्ज कराए,अभी तक विपक्ष की तरफ से ऐसा देखने को नहीं मिला हैं,हालांकि सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में एक याचिका जरूर दायर हुई हैं।विपक्ष इसको मुद्दे के रूप में भुनाना चाहता हैं,मानसून सत्र समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं,सरकार ने आक्रमक रूख अपनाते हुए कुछ विधेयक हंगामे के बीच बिना बहस के पास करा लिए है।सरकार और विपक्ष को चाहिए कि आपसी वार्ता करके संसद में चल रहे हंगामे पर गतिरोध समाप्त करें,विपक्ष को भी ये समझना होगा कि अगर दोनों में टकराव रहता हैं तो देश का ही नुकसान हो रहा हैं।

# एक समय सभी वरिष्ठ नेताओं को किनारे कर देने वालीं वसुंधरा राजे अब खुद हाशिये पर हैं

**रमेश सर्राफ धमोरा**

गजेंद्र सिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बना पाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह वसुंधरा राजे से खार खाए बैठे थे। 2018 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद मोदी व शाह ने वसुंधरा राजे को राजनीति के हाशिए पर धकेलना शुरू कर दिया।

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे धीरे-धीरे राजनीति के हाशिये पर धकेली जा रही हैं। कभी वसुंधरा राजे की राजस्थान की राजनीति में तूती बोलती थी। मगर अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। वसुंधरा राजे के लिए राजनीति में उपस्थिति बनाए रखना भी मुश्किल हो रहा है। इसीलिए वह अपने समर्थकों से कभी वसुंधरा राजे समर्थक मंच का गठन करवाती हैं तो कभी किसान मोर्चा के नाम पर प्रदेश स्तरीय संगठन खड़ा करने का प्रयास कर रही हैं। मगर ऐसे व्यक्तिवादी संगठन वसुंधरा राजे को राजनीति की मुख्यधारा में बनाए रखने के लिए काफी नहीं हैं। हालांकि वसुंधरा राजे भी इस बात से बखूबी वाकिफ हैं। लेकिन मरता क्या नहीं करता वाली कहावत इन दिनों उन पर भी लागू हो रही है। इसीलिए अपनी उपस्थिति बनाये रखने के लिये वह हर दांव आजमा रही हैं।

मौजूदा स्थिति के लिए वसुंधरा राजे स्वयं भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। राजस्थान की राजनीति में लगातार बीस वर्षों तक एकछत्र राज करने वालीं वसुंधरा राजे ने प्रदेश की राजनीति में अपने विरोधियों का चुन-चुन कर सफाया किया था। यहां तक कि उन्हें राजस्थान की राजनीति में लाने वाले देश के पूर्व उपराष्ट्रपति व राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत को भी उन्होंने मुख्यधारा



से दूर कर दिया था। एक समय तो ऐसी स्थिति हो गई थी कि वसुंधरा राजे के चलते भैरों सिंह शेखावत भाजपा के खिलाफ बगावत करने तक को तैयार हो गए थे। मगर फिर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए थे।

प्रदेश की राजनीति में दिग्गज नेता रहे भैरों सिंह शेखावत, जसवंत सिंह, ललित किशोर चतुर्वेदी, हरिशंकर भाभड़ा, ओमप्रकाश माथुर, गुलाब चंद कटारिया, घनश्याम तिवाड़ी जैसे वरिष्ठ नेताओं को हाशिये पर डालकर वसुंधरा राजे ने खुद को प्रदेश की राजनीति का सिरमौर नेता बना लिया था। मगर समय का फेर देखिए जो वसुंधरा राजे ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ किया आज वही उन्हें स्वयं झेलना पड़ रहा है।

प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री, कई बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व केंद्र सरकार में मंत्री रह चुकीं वसुंधरा राजे 2003 व 2013 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। लेकिन अपने दोनों ही कार्यकाल के बाद उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को नेता प्रोजेक्ट कर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। मगर जनता में उनके भारी विरोध के चलते भाजपा 163 सीटों से 72 सीटों पर ही सिमट कर रह गई थी। 2018 के चुनाव प्रचार के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित करते थे। तब प्रदेश की जनता मोदी की सभा में वसुंधरा के खिलाफ नारे लगा कर कहती थी कि मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं। 2013 से 2018 तक के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में वसुंधरा राजे चाटुकारों से घिरी रहीं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से भी टकराने से गुरेज नहीं किया। 2018 के विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा आलाकमान राजस्थान में केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहता था। मगर वसुंधरा राजे ने वीटो कर गजेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनने से रोक दिया था। तब राज्यसभा सदस्य मदन लाल सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाना पड़ा था।

राजेंद्र सिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बना पाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह वसुंधरा राजे से खार खाए बैठे थे। 2018 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद मोदी व शाह ने वसुंधरा राजे को राजनीति के हाशिए पर धकेलना शुरू कर दिया। सबसे पहले उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर राजस्थान की राजनीति से अलग किया गया। भाजपा अध्यक्ष मदनलाल सैनी के निधन से उनके स्थान पर संघ के करीबी सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। पूनिया की ताजपोशी में अमित शाह ने महती भूमिका निभाई थी।

सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष व गुलाब चंद कटारिया को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बना कर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे को साफ संकेत दे दिया था कि आने वाले समय में पार्टी में उनकी भूमिका नहीं रहेगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भाजपा में आए सतीश पूनिया लो प्रोफाइल नेता हैं। प्रारंभ से ही संगठन से जुड़े रहने के कारण प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं से उनका परिचय रहा है। ऐसे में उन्होंने धीरे-धीरे पार्टी पर अपनी पकड़ बनानी प्रारंभ कर दी। इससे वसुंधरा राजे समर्थकों में खलबली मच गई।

वसुंधरा समर्थक विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, भवानी सिंह राजावत सहित कई अन्य नेताओं ने मीडिया में बयान देने प्रारंभ कर दिया कि 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए वसुंधरा राजे को अभी से नेता प्रोजेक्ट किया जाए ताकि वह जनता से संपर्क कर पार्टी का आधार बढ़ा सकें। मगर वसुंधरा समर्थकों की बातों पर भाजपा आलाकमान ने गौर नहीं किया। जयपुर राजघराने की सांसद दिया कुमारी को वसुंधरा राजे की मर्जी के खिलाफ भाजपा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया। दीया कुमारी को राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे के विकल्प के तौर पर देखा जाने लगा है। इससे वसुंधरा समर्थकों का नाराज होना स्वाभाविक ही था। रही सही कसर भाजपा के जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में लगे होर्डिंग से वसुंधरा राजे का फोटो हटाने से पूरी हो गयी।

इसी दौरान प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी करने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित टिप्पणी करने पर वसुंधरा राजे के कट्टर समर्थक पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश शर्मा को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। रोहिताश शर्मा के निष्कासन के बाद से वसुंधरा समर्थकों द्वारा भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ की जा रही बयानबाजी रुक गई। चर्चा है कि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल में हुए फेरबदल के दौरान भी वसुंधरा राजे ने स्वयं या अपने पुत्र दुष्यंत सिंह को केंद्र सरकार में मंत्री बनवाने के लिए पूरी लॉबिंग की थी मगर वहां भी उनकी नहीं चल पाई।

राजस्थान भाजपा की राजनीति में इस समय वसुंधरा विरोधी खेमा प्रभावी हो रहा है। इसी खेमे द्वारा पिछले दिनों वसुंधरा के धुर विरोधी रहे घनश्याम तिवाड़ी की भी भाजपा में घर वापसी करवा कर वसुंधरा राजे को तगड़ा झटका दिया गया है। वसुंधरा किसी भी कीमत पर घनश्याम तिवाड़ी को फिर से भाजपा में शामिल करने के सख्त खिलाफ थीं। ऐसे ही वसुंधरा विरोधी पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के पुत्र मानवेन्द्र सिंह की भी फिर से भाजपा में वापसी की अटकलें लगाई जाने लगी हैं।

वसुंधरा राजे के राजनीति में कमजोर होने से उनके समर्थक विधायकों को भी एहसास हो गया है कि अगले विधानसभा चुनाव में उनको शायद ही टिकट मिले। इसी के चलते वसुंधरा समर्थक कई नेता उनसे किनारा कर अपने नए आका ढूंढ़ने लगे हैं। यदि आने वाले समय में वसुंधरा समर्थकों द्वारा प्रदेश संगठन के सामानांतर चला रही गतिविधियों पर रोक नहीं लगायी तो वसुंधरा राजे पर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है। केन्द्रीय नेतृत्व वसुंधरा राजे की हर गतिविधि पर पूरी नजर बनाये हुये है। पार्टी में अपनी हो रही उपेक्षा से नाराज वसुंधरा राजे आगे क्या कदम उठाती हैं इस पर सबकी नजरें टिकी हुयी हैं।

# के. आसिफ को क्यों नहीं देते पद्म विभूषण

**विजय गोयल**

'मुगल-ए-आजम' को रिलीज हुए आज 60 साल हो गए। फिल्म पांच अगस्त, 1960 को रिलीज हुई थी। इन 60 सालों में शायद 60 से भी ज्यादा बार इस फिल्म को मैंने देखा होगा। हिंदी सिनेमा के इतिहास की यह सफलतम फिल्मों में एक है, जिसे के. आसिफ के शानदार निर्देशन, भव्य सेट और बेहतरीन संगीत के लिए याद किया जाता रहेगा।जहां आज फिल्में महीने-दो महीने में तैयार हो जाती हैं, वहीं इसे बनाने में 16 साल लग गए। लेकिन यह लेख 'मुगल-ए-आजम' की तारीफ के लिए नहीं है, बल्कि उसे बनाने वाले के. आसिफ के लिए है। वह जीवन के 48 वर्ष ही पूरे कर पाए थे। इस फिल्म के लिए जिस पागलपन, कल्पनाशीलता और जीवटता की जरूरत थी, वह उनमें कूट-कूट कर भरी थी।

**फिल्ममेकर के. आसिफ**

के. आसिफ ने अपने जीवन में सिर्फ दो फिल्में बनाईं। पहली फिल्म 1944 में आई 'फूल' थी और दूसरी 1960 में आई 'मुगल-ए-आजम'। 'मुगल-ए-आजम' ने तो तब बॉक्स ऑफिस के सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए थे। दो-दो किमी लंबी लाइनें फिल्म को देखने के लिए लगा करती थीं। मुंबई के मराठा मंदिर सिनेमा हॉल में जब 5 अगस्त 1960 को इसका प्रीमियर हुआ, तो पूरी फिल्म इंडस्ट्री मौजूद थी। इस फिल्म को नेशनल फिल्म अवॉर्ड सहित तीन-तीन फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिले। यह पहली ब्लैक एंड वाइट फिल्म थी, जिसका रंगीन रूपांतर 12 नवंबर, 2004 को रिलीज किया गया।के. आसिफ केवल फिल्मी दुनिया के चमकते सितारे नहीं, बल्कि ऐसे रत्न हैं, जिन्हें 'पद्म विभूषण' (मरणोपरांत) से नवाजा जाना चाहिए। उनकी छोटी-सी जिंदगी में बनाई गई यह फिल्म संदेश देती है कि सपने देखो, फिर उनको पूरा करने की पूरी कोशिश करो। पद्म विभूषण की परिभाषा देखेंगे, तो यह उनके लिए ही है, जिन्होंने अपवादस्वरूप व असाधारण कार्य किया हो। के. आसिफ इन दोनों कसौटियों पर खरे उतरते हैं। फिर जब एम. एफ. हुसैन, दिलीप कुमार, खुशवंत सिंह, उदयशंकर, बिरजू महाराज, सोनल मानसिंह और कई अन्य को पद्म विभूषण दिया जा सकता है तो के. आसिफ भी इनसे कुछ कम नहीं है।



पृथ्वीराज कपूर, दिलीप कुमार और मधुबाला को लेकर बनाई गई 'मुगल-ए-आजम' अपने साथ अनगिनत कहानियां समेटे हुए है। इस फिल्म और उसके संवादों को लिखने के लिए पांच-पांच लेखक थे, के. आसिफ, कमाल अमरोही, अमनुल्लाह खान, राहत मिर्जा और इशान रिजवी। के. आसिफ ने 1944 में इस फिल्म की शुरुआत चंद्रमोहन और नरगिस को लेकर की थी, पर भारत विभाजन ने उनकी फिल्म रोक दी। 1950 के बाद फिर उन्होंने काम शुरू किया। तब पूरी फिल्म का बजट केवल 10 लाख रुपये रखा गया था, पर फिल्म बनाते-बनाते डेढ़ करोड़ खर्च हो गया जो आज के सैकड़ों करोड़ के बराबर है। फिल्म के प्रसिद्ध गाने 'जब प्यार किया तो डरना क्या' के लिए जब शीशमहल बनाया गया, तो उनके शीशे उन्हें पसंद नहीं आए। फिर उन्होंने बेल्जियम से खास तरह के शीशे मंगवाए। 10 लाख रुपये तो अकेले इसी सेट में लग गए।फिल्म में उस्ताद बड़े गुलाम अली खां साहब को तानसेन की आवाज देने के लिए बड़ी मुश्किल से मनाया गया था। इसके लिए उन्हें तब 25000 रुपये दिए गए थे, जबकि मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर का मेहनताना 400-500 रुपये था। युद्ध के दृश्य फिल्माने के लिए उन्होंने तब के रक्षा मंत्री कृष्ण मेनन की मदद ली तो फिल्म में 2000 ऊंट और 4000 घोड़ों सहित जयपुर रेजिमेंट के सैनिकों ने सहयोग दिया। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दस साल तक के. आसिफ मोहन स्टूडियो में एक चटाई पर ही सोते थे।

मुगल-ए-आजम में इस्तेमाल हुए लिबास, जंगी कपड़े, ढोल-तलवारें और जेवर वगैरह अकबरी जमाने के हिसाब से तैयार किए गए थे। फिल्म के बाद जब मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलरी में इनकी नुमाइश लगी, तो लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सेट देखने तो कई विदेशी हस्तियां भी आतीं। यह के. आसिफ का जुनून ही था कि 'मुगल-ए-आजम' देखने वालों की आंखों में इसे देखने के लिए भी जुनून नजर आता था। अगर के. आसिफ को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है तो एक बार फिर देश में जुनून, लगन और परिश्रम से कैसे सपनों को मूर्त रूप दिया जा सकता है, इसका संदेश जाएगा।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रचा इतिहास, जर्मनी को पीछे छोड़कर ओलंपिक में सबसे ज्यादा मेडल हासिल करने का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक 2020 में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम करने के साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया है। जर्मनी को 5-3 से हराने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ओलंपिक खेलों में 12वां मेडल हासिल किया, जो कि इस खेल में किसी भी देश द्वारा जीते गए सबसे ज्यादा मेडल भी हैं। भारत ने इस मामले में जर्मनी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने पुरुष हॉकी में अबतक 11 मेडल जीते थे। पहले क्वार्टर में 0-1 से पिछड़ने के बाद टीम इंडिया ने जोरदार वापसी की और जर्मनी को पूरे मैच में बैकफुट पर रखा। भारत की ओर से सिमनरजीत सिंह ने दो, जबकि हरमनप्रीत, हार्दिक और रुपिंदर सिंह ने एक-एक गोल दागा।

भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक खेलों में 8 गोल्ड, एक सिल्वार और तीन ब्रॉन्ज समेत कुल 12 मेडल जीते हैं। वहीं, इस लिस्ट में अब दूसरे नंबर पर खिसक चुकी जर्मनी की टीम ने 4 गोल्ड, तीन सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज को मिलाकर कुल 11 मेडल ओलंपिक में हासिल किए हैं। भारतीय टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने टीम की इस ऐतिहासिक जीत को कोविड वॉरियर्स को समर्पित किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि अभी मुझे क्या कहना चाहिए, यह शानदार था। प्रयास, मुकाबला, हम 1-3 से पीछे थे। मुझे लगता है कि हम इस पदक के हकदार थे। हमने इतनी कड़ी मेहनत की, पिछले 15 महीने हमारे लिए भी मुश्किल रहे, हम बेंगलुरू में थे और हमारे में से कुछ लोग कोविड से भी संक्रमित हुए। हम इस पदक को डॉक्टरों और स्वास्थ्यकमिर्यों को समर्पित करना चाहते हैं जिन्होंने भारत में इतनी सारी जान बचाई। पहले क्वार्टर का स्कोर 0-1 था, फिर दूसरे क्वार्टर में स्कोर 3-3 का रहा। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जबर्दस्त पलटवार करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में ही जर्मनी ने गोल दागकर स्कोर 4-5 कर दिया। श्रीजेश ने एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया और जर्मनी के गोल के मौकों को नाकाम किया। आखिरी के तीन मिनट में भारत ने एक और पेनाल्टी कॉर्नर जर्मनी को दिया। श्रीजेश और भारतीय डिफेंडर्स ने जर्मनी को इस मौके का फायदा नहीं उठाने दिया। भारत को इससे पहले सेमीफाइनल में बेल्जियम के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और टीम का गोल्ड मेडल जीतने का सपना अधूरा रह गया था।

## करोड़ों फैन्स की आंखें नम करने वाला पल, ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी हुए भावुक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 41 साल बाद मिले मेडल की खुशी क्या होती है यह भारतीय हॉकी टीम के खिलाडि़यों के चेहरे पर साफ दिख रही थी। आंखें नम थी, खिलाड़ी एक दूसरे को गले लगाकर इस ऐतिहासिक जीत का जशन मना रहे थे। जर्मनी और जीत के बीच चट्टान की तरफ खड़े रहे गोलकीपर श्रीजेश को मानो यकीन ही नहीं हो रहा था कि उन्होंने टीम के लिए वो हर दिखाया है जो पिछले 41 साल में नहीं हो सका था। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम ने जर्मनी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। टीम इंडिया के विनिंग मूमेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसे देखकर करोड़ों भारतीय फैन्स की भी आंखें भर आई है।



## बेल्जियम ने ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराकर पहली बार जीता हॉकी में ओलंपिक गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक 2020 में बेल्जियम की पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराकर पहली बार गोल्ड मेडल को अपने नाम किया। मैच निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर रहा जिसके बाद बेल्जियम ने शूटआउट में 3-2 से जीत दर्ज की। बेल्जियम ने भारत को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। बेल्जियम की इस जीत में अहम योगदान रहा वान औबेल का, जिन्होंने टीम की तरफ से पहला गोल दागा और शूटआउट में भी जबरदस्त खेल दिखाया। ऑस्ट्रेलिया की टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। फाइनल में बेल्जियम ने शानदार शुरुआत की। वान औबेल ने 32 वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को महत्त्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। लेकिन 47 वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के विकहम ने गोल कर ऑस्ट्रेलिया की फाइनल में शानदार वापसी करवाते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अंतिम सिटी बजते ही फाइनल मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट में चला गया। शूटआउट में वान औबेल ने गोल कर बेल्जियम को मैच में ला दिया। इसके बाद तीन और गोल कर के बेल्जियम को मजबूत स्तिथि में ला दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने भी 2 गोल किए लेकिन वे काफी नहीं थे। बेल्जियम की टीम 2016 में दूसरे स्थान पर रही थी। उसके लिये एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने शूटआउट में टीम को बढ़त दिलायी जिन्होंने टूर्नामेंट में 14 गोल किये हैं।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का किया गया वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज विधानसभा मेजा ब्लाक उरूवा ग्रामपंचायत बरी में कोटेदार श्रीमती बन्दना मिश्रा के यहां प्रधानमंत्री अनन योजना समस्त राशन कार्ड लाभाथियों को निःशुल्क राशन वितरण किया गया।



पीएम मोदी ने आज अन्य उत्सव का वर्चुअल शुभारंभ किया प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना महोत्सव के तहत पूरे प्रदेश में गरीबों को अन्य वितरित किया जा रहा है संकट के इस घड़ी में समाज के सभी वर्गों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज लागू किया है जिसके अंतर्गत पूरे देश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है योजना के अंतर्गत 5 किलोग्राम प्रति यूनिट मुफ्त राशन 3 किलोग्राम गेहूं व 2 किलोग्राम चावल दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय शशि कांत तिवारी प्रतिनिधि सांसद रहे। इन्होंने ने कहा कि राशन वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही मेरे द्वारा विल्कुल बर्दास्त नही की जाएगी। हर जरूरत मन्दो को राशन मिले।यही सरकार की प्राथमिकता हैं। इन्होंने ने कहा कि भजपा सरकार का उद्देश्य यह हैं कि समाज के हर गरीब ब्यक्ति की विकास के मुख्य धारा में जोड़ा जाय जिससे उस गरीब ब्यक्ति का विकास हो सके जब गरीब का विकास होगा तभी गांव और देश का विकास होगा। वही कार्यक्रम के संचालन भाजपा युवा नेता शिव जी पांडेय ने ग्रामपंचायत बरी के जनसमस्याओं पर सांसद प्रतिनिधि को अवगत कराया और सांसद प्रतिनिधि ने आश्वासन दिए कि जल्द से जल्द जनसमस्याओं को दूर किया जाएगा।

संत प्रसाद पांडेय प्रभारी सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार हर एक विकास कायी पर कार्य कर रही हैं। वही राजेश शुक्ला जिलाउपाध्यक्ष ने भाजपा सरकार के विकास कायी को गिनाए और इन्होंने ने कहा कि भजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामप्रधान श्रीमती प्रेम देवी , विधायक प्रतिनिधि शैलेश पांडेय,दिलीप मिश्र (एडोकेट) पूर्व बार एशोसिएशन मेजा,प्रधान प्रतिनिधि रमा शंकर सिंह यादव, यतीश चंद्र मिश्र (एडोकेट), जय शंकर यादव(बबलू) क्षेत्र पंचायत सदस्य, नीरज मिश्रा, संजीव मिश्रा (विक्की),धीरेंद्र नाथ मिश्रा, अम्बुज मिश्रा(मण्डल उपाध्यक्ष),मुकेश कुमार भारतीय, अम्बुज मिश्रा, बीरेंद्र मिश्रा,दीनानाथ मिश्रा, दया शंकर विश्वकर्मा (समाजसेवी), अतुल मिश्र, संत लाल जैसल पूर्व पत्याशी विधानसभा मेजा,राधेश्याम जैसल(बाऊ) एव नोडल अधिकारी शोभा दुबे,मुलायम वर्मा सफाई कर्मी आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मास्क एव सेनिटाइजर और डिस्टेसिंग का पालन किया गया। कार्यक्रम के संचालक भाजपा युवा नेता शिव जी पांडेय ने कहा कि इस योजना का लाभ नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत आने वाले सभी लाभथियों को मिल रही हैं।

## सबको राशन,सबको पोषण के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना का भाजपाइयों ने किया वितरण

### निःशुल्क थैलो मे निःशुल्क अंन्न हुआ वितरण,सरकार की योजनाओं को बताया

**अखंड भारत संदेश**

**जारी /प्रयागराज।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के अंतर्गत निःशुल्क अनन वितरण का कार्यक्रम नारीबारी सरकारी राशन के दुकान मे जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती,जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल वितरित किया। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती ने कहा विपरीत परिस्थितियों में भी योगी सरकार ने सबको राशन सबको पोषण के तहत निः शुल्क अननवितरण करके गरीबों के आफदकाल मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लाभाथियों ने मोदी जी योगी जी का आभार जताया। वही गुरुवार को सुबह



झंझरा चौबे ग्राम सभा के कविता स्वयं सहायता समूह के द्वारा झंझरा पांडेय मे जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने लाभाथियों को निः शुल्क राशन का वितरण 25 किलो भार क्षमता वाले थैलों में किया। साथ ही नारीबारी के कोटेदार संग लाभाथियों को निः शुल्क मास्क का वितरण करके कोरोना के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष विभवनाथ अपनी टीम के साथ लोहरा भारत नगर राशन की दुकान पर वितरण करने पहुंचे जहां पर झोला उपलब्ध ना होने पर उपजिलाधिकारी बारा से बात कर प्रत्येक केंद्रों पर निः शुल्क झोला उपलब्ध कराने की बात कही।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के कार्ड धारकों को मिला राशन

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/ प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार पांच अगस्त को प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा राशन वितरण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लाभाथियों को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर फूल माला और रंग-बिरंगे गुब्बारों से साज सज्जा करके प्रति यूनिट पांच किलो राशन और बैग का वितरण किया गया। जिसमें गेहूं चावल कार्ड धारकों को दिया गया। आपको बता दें कि जनपद के सभी 23 विकास खंडों में एक-एक स्थान पर वृहद स्तर पर राशन वितरण का कार्यक्रम मे प्रत्येक दुकान पर 100, राशन कार्ड धारकों को राशन वितरित किया गया ।और

### अन्न महोत्सव के उपरांत अंत्योदय कार्ड धारकों को वितरण किया गया राशन और बैग



जारीगड़ैया कला में अनन वितरण महोत्सव में गुरुवार को किए गए कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत निशुल्क वितरण के कार्यक्रम में विकासखंड जसरा स्थित जारी , गड़ैया कला गढ़ैया खुर्द ,और इन तीनों ग्राम सभाओं में अनन महोत्सव का कार्यक्रम में कोटेदार मंजू देवी के द्वारा अंत्योदय कार्ड धारकों को वितरण किए गए।

## छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के जयंती पर सपाइयों ने निकाली साईकिल यात्रा

# भाजपा साशन में दलित,मजदूर किसानों का सोषण हो रहा : पूर्व विधायक

### छोटे लोहिया सदैव गरीबों,पिछड़ों,किसानों,अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ने का कार्य किया : सोमदत्त सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर छोटे लोहिया के नाम से प्रख्यात स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के जयंती पर सपाइयों ने कोरांव विधानसभा के सभी मुख्य बाजारों में साइकिल यात्रा का आयोजन किया जिसमें सपाइयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रभारी व जिला सचिव प्रयागराज सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा कि समाजवादी आंदोलन के जनक रहे छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र जी आजीवन गरीबों पिछड़ों किसानों और अल्पसंख्यकों की लड़ाई को लड़ने का कार्य किया ।इस दौरान सपा नेता ने प्रदेश के किया और कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब प्रदेश की जनता भाजपा की दमनकारी नीतियों से त्रस्त



अल्पसंख्यक समाज के बड़े नेता आजम खान की रिहाई कि मांग होकर मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित रामकृपाल कोल पूर्व विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां की जहां एक ओर जिस तरह से भाजपा सरकार में दलितों का शोषण किया जा रहा है और कोरोना काल के कारण भुखमरी की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर हमारे देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सिर्फ जुमलेबाजी और फर्जी घोषणा करने में व्यस्त हैं । उन्होंने कहा कि जनता इनके कार्यकाल में त्राहि-त्राहि कर रही है और अपने अधिकार के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामदेव निडर राधेश्याम यादव ओमप्रकाश कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष दिनेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष मेहताब खान नगर अध्यक्ष राजेश पांडे ओम सहाय दीपांशु कोल अखंड प्रताप भास्कर पवन सिंघाल हरे कृष्ण यादव गायत्री प्रसाद तिवारी सहादत अली इसराइल अली अजय बिंद पवन सोनकर रविंद्र जैसल दीपक पटेल रामानुज यादव यादवेंद्र अहीर गामा सिंह राम गोपाल सिंह कोमल चंद यादव पुष्कर यादव बालकृष्ण पांडे उमाशंकर पटेल लालजी पाल निराला हरिप्रसाद पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकार का संकल्प-कोई गरीब भूखा नही सोने पायेगा : राजमणि कोल

### ग्राम सभा अल्हवा में कोटेदार लेखपाल,सचिव व प्रधान के बजाय विरोधियों को कार्यक्रम में बुलवाया

**अखंड भारत संदेश**

**कोरॉव/प्रयागराज।** गुरुवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत निशुल्क राशन का वितरण अंत्योदय कार्डधारकों को विभिनन ग्राम सभाओं में किया गया। बता दें कि विकासखंड के बर हुला ग्राम पंचायत में कोटेदार संजय पांडे के यहां आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजमणि कोल शामिल हुए ।इस दौरान विधायक ने लोगों

**पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन का वितरण**

को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी गरीब भूखा न होने पाए इसके लिए हमारी सरकार महामारी के चलते लोगों को निशुल्क राशन क वितरण करा रही हैं। इस दौरान विधायक ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तार से लोगों के बीच में चर्चा की। इसी तरह उप जिला अधिकारी अनुभव

### लाल सफेद निःशुल्क लाभाथियों सभी कार्ड धारकों को प्रति कार्ड धारक लाभार्थी को एक किलो से लेकर दो किलो तक मिलता है खद्यान,अफसर मूक दर्शक,



कनोजिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुसार क्षेत्र में प्रत्येक कार्ड धारकों को निशुल्क अनाज का वितरण कराया जा रहा है । कार्यक्रम के दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए भाषण को भी सुना । उक्त कार्यक्रमों के आयोजन कुछ गांवों में मनमानी भी हुई। आयोजनों में कई कोटेदारों ने अपने गांव के मुखिया को तो आमंत्रित ही नहीं किया। ग्राम प्रधान अलहवा ने ग्राम प्रधान व लेखपाल,ग्राम विकास पंचायत विकास अधिकारी अल्हवा को भी नहीं आमंत्रित किया।इस बाबत आपूर्ति इंस्पेक्टर कोरांव ने बताया कि ग्राम के मुखिया को तो कोटेदारों को बुलाने के लिए कहा गया है। परन्तु प्रशन यह है कि जब वह माहवारी देता है तो क्यों इंस्पेक्टर को महत्व दें। या तहसील अधिकारियों को। इस दौरान प्रमुख रुप से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विनीत पांडे ,मनीराम शुक्ला ,,शशी दिवेदी, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला, कप्तान पांडे सहित भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। तहसील क्षेत्र के सभी राशन की दुकानों पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अंतोदय कार्ड धारकों को निशुल्क राशन बैग में वितरण कराया गया।

# विधायक बारा ने वितरण किया निशुल्क खाद्यान

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के तहत गुरुवार के दिन घूरपुर के सेमरकलबना गांव के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर विधायक बारा डा अजय कुमार ने सैकड़ो लाभाथियों को अपने हाथों से निःशुल्क खाद्य वितरण किया । इस बीच विधायक ने कहा कि प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार ने वैश्विक बीमारी कोरोना में सबसे पहले उनका ध्यान दिया जिनके रोजगार बंद हो गए और कामगारों को काम मिलना बंद हो गया । सरकार का पूरा प्रयास रहा कि समाज के निचले पायदान में रहने वाले हर व्यक्ति की थाली में



रोटी हो ,जो साकार भी हुआ और आगे दिवाली तक लोगों को मुफ्त में राशन मिलते रहेंगे । कार्यक्रम में मौजूद लाभाथियों को टेलीविजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदेश वासियों को दिए जाने भाषण दिखाया व सुनाया गया । कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी ने भी सरकार की विभिनन योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी । इस मौके पर जिलाउपाध्यक्ष जयसिंह पटेल ,जिलामंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड, रामानंद त्रिपाठी,मोहन यादव ,मुनून शुक्ल,जिलापंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल,कोटेदार रंजीत सिंह ,बबलू सिंह,लल्लु पाठक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## पूर्व विधायक रामसेवक सिंह पटेल व सपा नेता डॉ देवी सिंह पटेल के नेतृत्व मे चली साइकिल यात्रा

**सिरसा/मेज।** प्रयागराज विधानसभा मेजा में जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर सपाइयों ने साइकिल यात्रा निकाली। साइकिल यात्रा गुनई गहरपुर गांव से चलकर मेजारोड चौराहे पर समाप्त हुई। बता दें कि समाजवादी आंदोलन के प्रखर नेता स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपाइयों द्वारा समाजवादी साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे आज पूर्व विधायक बारा रामसेवक सिंह पटेल के साथ आशीष यादव पूर्व प्रधान के द्वारा हरी झंडी दिखाकर विकलांग कुलदीप भारती की अगुवाई मे 50 विकलांग लोगों के साथ साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया गया। साइकिल यात्रा मेजा के गुनई गहरपुर से मेजा तहसील होते हुए मेजा रोड चौराहे पर समापन किया गया। इस साइकिल यात्रा के दौरान भाजपा सरकार की नाकामियों में बेकारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, पुलिस उत्पीड़न, किसानों की समस्या, महिलाओं की शोषणकारी नीतियों से लोगों को रूबरू करते हुए सपा शासन काल में हुए विकास कार्यों से भी लोगों को रूबरू कराया गया।

# अन्न पाकर खुश हुए गरीब

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/ प्रयागराज।** बृहस्पतिवार को कौंधियारा विकास खंड के ग्राम पंचायत उमरी तालुका कांटी में सरकार के निर्देशानुसार मुख्य अतिथि जय सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विशिष्ट अतिथि मनोज गुप्ता कार्यालय मंत्री एवं प्रकाश शुक्ला प्रचंड जिला मंत्री भाजपा की उपस्थिति एवं ग्राम प्रधान अंशु देवी की अध्यक्षता मे कोटेदार आशीष मिश्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के अंतर्गत लाभाथियों को



5 किलो प्रति यूनिट के हिसाब से निःशुल्क बैग के साथ गेहूं ,चावल वितरित किया गया निःशुल्क अनन पाकर गरीब खुश हो गए। वितरण के समय विनोद त्रिपाठी, विरजा, ललित मिश्र , लालबाबू अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# खिलाड़ी जीत का गोल कर रहे, कुछ लोग सेल्फ गोल में जुटे, हॉकी विजय के बहाने पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में जारी विपक्ष के हंगामे को लेकर पीएम मोदी ने एक बार फिर से निशाना साधा है। पीएम मोदी ने कहा कि वे (विपक्ष) संसद को रोक कर देश को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकते हैं। आज ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को मिली जीत पर खुशी जताते हुए भी पीएम मोदी ने पांच अगस्त को ऐतिहासिक दिन बताया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ जहां खिलाड़ी जीत का गोल कर रहे हैं तो वहीं विपक्ष राजनीति स्वार्थ के लिए सेल्फ गोल करने में जुटा है। पीएम मोदी ने कहा, 'यह मायने नहीं रखता कि विपक्ष के लोग कैसे संसद की कार्यवाही को बाधित करने का काम कर रहे हैं। हमारा देश इस तरह के स्वार्थ और राजनीति का बंधक नहीं हो सकता।' बता दें कि पेगासस जासूसी कांड और तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर संसद में जारी विपक्ष के हंगामे के बीच कार्यवाही सुचारू रूप से न चलने को लेकर पीएम मोदी इससे पहले भी विपक्ष को आड़े हाथों ले चुके हैं। पीएम मोदी ने 5 अगस्त के मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'यह दिन इतिहास में दर्ज हो गया है। इसे हमेशा याद रखा जाएगा। दो साल पहले आज ही के दिन जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटा था और इसी दिन बीते साल राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ था। अब इसका काम तेजी से चल रहा है।'पीएम मोदी ने ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम की जीत को भी ऐतिहासिक बताया और कहा, 'आज ही ओलंपिक के मैदान पर देश के युवाओं ने हॉकी के अपने गौरव को फिर स्थापित करने की तरफ बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने आगे कहा, 'एक तरफ हमारा देश, हमारे युवा भारत के लिए नई सिद्धियां प्राप्त कर रहे हैं, जीत का गोल कर रहे हैं तो वहीं देश में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो राजनीतिक स्वार्थ में सेल्फ गोल करने में जुटे हैं। देश क्या चाहता है, देश क्या हासिल कर रहा है, देश कैसे बदल रहा है इससे इनको कोई सरोकार नहीं।



## यूपी के इतिहास में पहली बार अपराधियों में डर, सीएम योगी के काम की पीएम मोदी ने की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के पीएम गरीब कल्याण अनन्‍ योजना के लाभाथिर्यों को संबोधित करते हुए राज्य की योगी सरकार की जमकर तारीफ की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन लोगों ने यूपी को नहीं बल्कि खुद को समृद्ध करने का काम किया। उन्होंने कहा कि यूपी की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को देखने का दुनिया भर का नजरिया बदला है। यह राज्य समर्थ प्रदेश बन सकता है, यह आत्मविश्वास बीते कुछ सालों में पैदा हुआ है। यूपी के इतिहास में पहली बार अपराधियों में भय का माहौल पैदा हुआ है। गरीबों और कमजोरों को डराने, सताने वाले और अवैध कब्जे करने वालों के मन में भय पैदा हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस व्यवस्था को भाई-भतीजावाद और करप्शन की लत लग गई थी, उसमें सार्थक बदलाव की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि आज यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनता के लाभ का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचे।

# बीजेपी जश्न मना रही है और कश्मीर शोक में है, आर्टिकल 370 हटने की बरसी पर बोलीं महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर (एजेंसी)।** आज जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 के हटाए जाने की दूसरी बरसी है। इस मौके पर जम्मू और कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला और कहा कि बीजेपी जशन्‍ मना रही है जबकि कश्मीर शोक में है। बता दें कि केंद्र की मोदी रकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया था और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।समाचार एजेंसी से बातचीत में पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए आज शोक का दिन है। बीजेपी सरकार ने 2019 में उत्पीड़न और बर्बरता शुरू की। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीजेपी जशन्‍ मना रही है जबकि कश्मीर शोक मना रहा है। हम इसका विरोध करेंगे। हम सरकार को बाहरी आयामों को संबोधित करने के लिए पाकिस्तान से बात करने के लिए मजबूर करेंगे।



इससे पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट किया और कहा, 'कोई शब्द या तस्वीरें दो साल पहले इस काले दिन पर जम्मू कश्मीर की पीड़ा, उत्पीड़न और उथल पुथल को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं है। जब निरंकुश उत्पीड़न किया जाता है और घोर अन्याय किया जाता है तो वजूद बनाए रखने के लिए विरोध करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। गौरतलब है कि केंद्र ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म किया गया था और इसका विशेष दर्जा भी खत्म कर दिया और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख। मुफ्ती और उनकी पीडीपी दो साल पहले केंद्र के कदम का विरोध करने में काफी मुखर रही है। इतना ही नहीं, काफी दिनों तक महबूबा मुफ्ती को नजरबंद किया गया था।

# 70 सालों में नहीं देखी ऐसी तबाही, मध्य प्रदेश में बाढ़ पर बोले शिवराज सिंह चौहान, कहीं टूटे पुल तो कहीं गांव ही खत्म

**भोपाल/ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में लगातार जारी बारिश से हालात विकट होते जा रहे हैं। भारी बारिश के चलते हुए हादसों में गुरुवार को दो लोगों को मौत गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। राज्य में कई जगहों पर इमारतें और पुल ध्वस्त हो गए हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि उन्होंने बीते 70 सालों में प्रदेश में ऐसी तबाही नहीं देखी है। राज्य सरकार का कहना है कि बारिश के चलते हुई घटनाओं में अब तक दो लोगों की मौत हुई है। एक व्यक्ति की मौत शिवपुरी और एक की श्योपुर जिले में हुई है। इसके अलावा गुना में 4 और दो शिवपुरी और 1 व्यक्ति मुरैना जिले में घायल हुआ है। कहा जा रहा है कि मौतों और घायलों का आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उन्हीं मौतों को सरकार ने आंकड़ों में शामिल किया है, जिनकी पुष्टि जिला प्रशासन से की गई है। सीएम



शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि भारी बारिश के चलते दतिया में रतनगढ़ मंदिर के पास एक पुल टूट गया। इसके अलावा संकुआ में भी एक पुल टूट गया और इसके चलते बड़ी संख्या में लोग बाढ़ में फंस गए थे। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि सीएम ने ग्वालियर और चंबाल संभाग के कमिशन्रों और आईजी से बात की है। सीएम ने बताया कि लोगों को बचाने के लिए शिवपुरी और भिंड जिले में एयर ऑपरेशन भी चलाया गया है। शिवराज सिंह चौहान के हवाले से एक अधिकारी ने कहा, 'राज्य ने बीते 70 सालों में ऐसी तबाही नहीं देखी है, जो अब ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में बाढ़ के चलते देखने को मिल रही है। रतनगढ़ माता मंदिर और संकुआ में पुल टूट गए हैं और इन इलाकों में लोग फंस गए थे।' बुधवार की रात को प्रशासन ने शिवपुरी जिले के काली पहाड़ी इलाके से 57 लोगों को बचा। इसके अलावा यहां फंसे 35 और लोगों को बचाने के लिए प्रयास जारी हैं। शिवपुरी के ही टीला से भी 13 लोगों को बचाया गया है।

# कोविशील्ड वैक्सीन की दो डोजों के बीच फिर कम हो सकता है गैप, 45 साल से अधिक आयु वालों को मिलेगी छूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार की ओर से कोविशील्ड वैक्सीन की दो डोजों के बीच अंतर एक बार फिर से घटाया जा सकता है। हालांकि यह अंतर 45 साल या फिर उससे अधिक आयु के लोगों के लिए ही कम किया जाएगा।

लाइव मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक अगले दो सप्ताह में इस संबंध में फैसला लिया जा सकता है। कोविड-19 वर्किंग ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एनके अरोड़ा ने एक इंटरव्यू में यह बात कही है। यह फैसला वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर किया जाएगा। फिलहाल सभी वयस्कों को कोविशील्ड वैक्सीन की पहली डोज लेने के बाद दूसरा टीका 12 से 16 सप्ताह के गैप पर लग रहा है। देश में टीकाकरण की शुरुआत में यह अंतर 4 से 6 सप्ताह ही रखा गया था। इसके बाद में 4 से 8 सप्ताह तक बढ़ाया गया और फिर 12 से 16 सप्ताह तक का अंतर किया गया था। शुरुआती दौर में दोनों डोज के बीच अंतर को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ था, लेकिन जब इस गैप को 12 से 16 सप्ताह तक किया गया तो इसे टीकों की कमी से भी जोड़ा गया था। हालांकि सरकार का कहना था कि यह फैसला टीकों की कमी के चलते नहीं बल्कि वैक्सीन के प्रभाव को लेकर लिया गया है। एक्सपर्ट्स के हवाले से सरकार का कहना था कि दोनों डोज के बीच गैप ज्यादा रहने से एंटीबॉडीज ज्यादा जनरेट होती हैं।



एक्सपर्ट्स का कहना था कि पहली डोज से एंटीबॉडीज ज्यादा जनरेट होती हैं। ऐसे में दूसरी डोज देरी से दी जानी चाहिए ताकि पहली वाली खुराक अपना काम कर सके। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से गैप बढ़ाए जाने के कुछ दिनों बाद ही एक नई स्टडी आई थी। इसमें कहा गया था कि कोविशील्ड की पहली डोज से ज्यादा एंटीबॉडीज बनने का अनुमान पूरी तरह से सही नहीं था। गौरतलब है कि फिलहाल देश में कोविशील्ड, कोवैक्सिन और स्पूतनिक वैक्सीन दी जा रही हैं। इस बीच देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाएं तेज हो गई हैं। बीते कई दिनों से देश में 40,000 से ज्यादा नए कोरोना केस मिल रहे हैं।

## कॉमेडियन नज़र मोहम्मद की हत्या के बाद अब तालिबान ने मशहूर कवि और इतिहासकार को मार डाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान लगातार आक्रमक हो रहा है। टोलो न्यूज़ ने उरुजगन गवर्नर मोहम्मद उमर शिरजाद के हवाले से बताया कि तालिबान ने अफगानिस्तान के प्रसिद्ध कवि और इतिहासकार अब्दुल्ला आतिफी की हत्या कर दी है। अब्दुल्ला की हत्या 4 अगस्त को उरुजगन प्रदेश के चोरा जिले में उनके घर के बाहर कर दी गई है। तालिबान ने अब तक इस मसले पर कोई भी बयान नहीं दिया है।तालिबान की हिंसक नीति अफगानिस्तान के जाने-माने लोगों को भी नहीं छोड़ रही है। पिछले ही हफ्ते तालिबान ने मशहूर अफगान कॉमेडियन की हत्या कर दी थी। तालिबान ने 22 जुलाई को कॉमेडियन नज़र मोहम्मद उर्फ़ खाशा ज़्वान को घर से बाहर निकालकर मार डाला था।

# राज्यसभा उपसभापति ने निलंबित टीएमसी सांसद के आचरण को बताया 'अशोभनीय' तो विपक्ष बोला- गलत का समर्थन मत कीजिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस सांसदों के एक दिन पहले के आचरण को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उसकी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सदन की बैठक दिन भर के लिए स्थगित हो गई तो निलंबित सदस्यों में से एक ने सदन में अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। इस क्रम में एक द्वार का शीशा टूट गया और एक महिला सुरक्षा अधिकारी को चोट भी आई। उस अधिकारी ने इसकी शिकायत दर्ज कराई है और सभापति एम वेंकैया नायडू इस पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, विपक्ष ने उपसभापति पर घटना की गलत नैरेटिव के समर्थन करने का आरोप लगाया।दरअसल, संसद सुरक्षा सेवा (पीएसएस) की एक अधिकारी को बुधवार को उस समय मामूली चोटें आई थीं, जब तृणमूल कांग्रेस की निलंबित सांसदों में से एक अर्पिता घोष ने संसद के उच्च सदन में कथित तौर पर प्रवेश करने के लिए



अपना मोबाइल फोन से मारकर राज्यसभा के लकड़ी के दरवाजे का शीशा तोड़ दिया था। दरअसल, उपसभापति ने आज सुबह उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर तृणमूल सदस्य के कल के आचरण का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अशोभनीय व्यवहार के कारण तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्यों को एक दिन के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया था। इस बीच डिप्टी चेयरमैन हरिवंश को जवाब देते हुए तृणमूल सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि बैठक के शेष भाग के लिए सांसदों को निलंबित कर दिया गया था, जिस दौरान वे सेंट्रल हॉल में बैठे थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि जब सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई तो वे अपना सामान लेने के लिए राज्यसभा कक्ष में लौटे थे। उन्होंने सवाल किया कि हंगामे में कांच का शीशा टूट गया। आज (सत्र में) इसकी जिम्मेदारी हम पर कैसे है उन्हें (अर्पणा घोष) आज सत्र से कैसे निलंबित किया जा सकता है (कल की घटना के लिए जो स्थगन के दौरान हुई थी)।

# बिहार के सीवान में फिल्मी स्टाइल में अंधाधुंध फायरिंग, सरेराह चार लोगों को मारी गोली, दो की मौत

**सीवान (एजेंसी)।** बिहार के सीवान में गुरुवार की दोपहर दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया गया। फिल्मी स्टाइल में बाइक सवारों ने महाराजगंज रामप्रीत मोड़ के पास अंधाधुंध फायरिंग की। इस दौरान जो मिला उसे गोली मारते रहे। चार लोगों को ताबड़तोड़ कई गोलियां लगीं।

इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग घायल हैं। दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल से सीवान के सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अचानक हुई वारदात से पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। वारदात की खबर लगते ही पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी गई। लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी है। वारदात का कारण भी पुलिस को पता नहीं चल सका है।

प्रत्यक्षदशिर्यों के अनुसार गुरुवार की दोपहर करीब पौने तीन बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने महाराजगंज के रामप्रीत मोड़ के पास फायरिंग शुरू की। बाइक पर पीछे बैठा बदमाश तीन पिस्टल से गोली चला रहा था। बाइक सवार बदमाश ने फिल्मी स्टाइल में गोलियां चलाईं। एक अन्य युवक सुदामा यादव को गोलियां मारी। उसकी अस्पताल में मौत हो गई। आगे बढ़ने पर एसबीआई के करीब राहगीर रघुनाथपुर के अशोक पटेल को गोली मारी। अशोक पटेल भी गोली लगते



सबसे पहले बाइक सवार अरमान मंसूरी नामक युवक को गोली मारी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अरमान सब्जी लेकर घर लौट रहा था। इसके बाद थोड़ा आगे बढ़कर ही गिर पड़े। बदमाश वहां से आगे बढ़े तो साइड नहीं देने पर कार चला रहे दरौंदा के रगड़गंज निवासी मनीष कुमार को गोली मार दी। मनीष अपनी मां के साथ कहीं जा रहे थे। एक साथ चार लोगों के गोली लगने से लहूलुहान होकर गिरा देख पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बुरी तरह घायल अशोक और मनीष को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख वहां से सीवान के सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुटी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल घटना का कारण भी नहीं पता चल सका है। गोली से मारे गए अरमान के साथ जा रहे युवक ने बताया कि बाइक सवार बिना वजह गोली मार रहे थे। जिसे भी देख रहे थे गोली मार रहे थे। कभी हवा में गोली चलाते कभी सीधे गोली चला रहे थे। पीछे बैठा युवक तीन पिस्टल लिया था। हर कोई गोली से बचने के लिए इधर उधर भाग रहा था। मेरे सामने तीन लोग गोली लगने से मौके पर गिरे थे। आगे भी गोली चलाते हुए जा रहे थे।


# दुनिया को कोरोना देने वाले चीन में अब डेल्टा वैरिएंट से खौफ, फिर लॉकडाउन की ओर

**बीजिंग (एजेंसी)।** कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट के बढ़ते मामलों को देखते हुए चीन ने नए यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं। चीन के आधे हिस्सों में 500 से अधिक डेल्टा वैरिएंट के मामले सामने आने के बाद चीन की नींद उड़ गई है। चीन तेजी से टीकाकरण पर ध्यान देने के बजाय तेजी से पाबंदियों पर जोर दे रहा है।

पूरेम चीन में सबसे ज्यादा प्रभावित 144 क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन और टैक्सी सेवाओं में कटौती की गई है। वहीं, बीजिंग में ट्रेन सेवा के साथ-साथ मेट्रो पर अंकुश लगाया गया है। बीजिंट में बुधवार को वायरस के तीन नए मामले सामने आए। हांगकांग ने भी यात्रियों पर फिर से क्वारंटाइन जरूर कर दिया है। चीनी अधिकारियों ने गुरुवार को 94 नए मामलों की सूचना दी है। जिसमें से 32 एसिम्पटोमेटिक हैं। बता दें कि कोरोना वायरस का पहला मामला साल 2019 में चीन के वुहान में सामने आया था। चीन का दावा है कि उसके यहां अभी तक 61 फीसदी आबादी का टीकाकरण किया गया है।



कोरोना पर लगाम लगाने के लिए चीन बड़े पैमाने पर टेस्टिंग और लॉकडाउन के अपने आजमाए हुए तरीकों पर आगे बढ़ रहा है। चीन की राजधानी बीजिंग में अधिकारियों ने वायरस को फैलने से रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। बीजिंग में मनोरंज के लिए सामुदायिक स्थानों के उपयोर पर रोक लगा दी गई है। पार्कों और दर्शनीय क्षेत्रों में आगंतुकों की संख्या को सीमित कर दिया गया है हाई रिस्क एरिया से आने वाले आगंतुकों के लिए दो सप्ताह का क्वारंटाइन जरूरी कर दिया है। संक्रमण के ये नए मामले ऐसे कई लोगों में भी सामने आए हैं जिन्होंने कोविड-19 रोधी टीके की खुराक ले ली है जिससे यह चिंता पैदा हो गयी है इससे निपटने के कारण चीन में विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित हो सकती हैं।



## लेबनान ने कर दी बड़ी भूल! रॉकेट हमलों के जवाब में अब भी जारी है इजरायल की एयरस्ट्राइक

**अवीव (एजेंसी)।** लेबनान की ओर से बुधवार को दागे गए तीन रॉकेट्स के जवाब में इजरायल ने ताबड़तोड़ हमले किए हैं। इजरायल की ओर से उन रॉकेट्स का जवाब बुधवार को ही दे दिया गया था, लेकिन अब गुरुवार को एक बार फिर से उसने एयर स्ट्राइक की है। बीते 7 सालों में यह पहला मौका है, जब इजरायल ने लेबनान पर एयर स्ट्राइक की है। इस समझा जा सकता है कि दोनों देशों के बीच रिश्ते किस हद तक बिगड़ गए हैं। इजरायल की सेना ने एक बयान में बताया कि जेट विमानों ने उन स्थलों पर हमले किये, जहां से पिछले दिन रॉकेट दागे गए थे। इसके साथ ही विमानों ने एक अतिरिक्त लक्ष्य को भी निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल अतीत में इजराइल पर हमला करने के लिए किया गया था। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने गोलाबारी के लिए लेबनान को जिम्मेदार ठहराया और इजराइल के नागरिकों और इजराइल की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने को लेकर भविष्य में सतर्क रहने की चेतावनी दी। रात के समय किए गए हवाई हमलों को राजनीतिक रूप से संवेदनशील समय में तनाव बढ़ाने वाले कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

# अफगानिस्तान पर अहम बैठक में रूस ने भारत को नहीं दिया न्योता, चीन, पाकिस्तान, यूएस हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस ने अफगानिस्तान में तेजी से बदलते हालात पर बुलाई एक अहम बैठक में भारत को आमंत्रित नहीं किया है। इस बैठक में पाकिस्तान, चीन तथा अमेरिका के शामिल होने की संभावना है। इस संबंध में जानकारी रखने वाले लोगों ने बृहस्पतिवार को यह बताया। अफगानिस्तान में तालिबान के हमले बढ़ने पर रूस ने हिंसा रोकने और अफगान शांति प्रक्रिया पर जोर देने के लिए युद्धग्रस्त देश में सभी प्रमुख पक्षकारों तक पहुंचने के प्रयास तेज कर दिए हैं। यह 'विस्तारिक ट्रोइका बैठक' 11 अगस्त को कतर में होनी है। इसके तहत पहले 18 मार्च और 30 अप्रैल को वार्ता हुई थी। रूस, अफगानिस्तान में शांति लाने और राष्ट्रीय सुलह की प्रक्रिया की शर्तें तय करने पर वार्ता के लिए 'मॉस्को फॉर्मेट' भी करा रहा है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पिछले महीने ताशकंद में कहा कि उनका देश भारत और अन्य देशों के साथ काम करता रहेगा जो अफगानिस्तान में स्थिति पर असर डाल सकते हैं। इन टिप्पणियों के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि भारत को आगामी 'विस्तारित ट्रोइका बैठक' में शामिल किया जा सकता है। हालांकि, भारत ने अभी 'विस्तारित ट्रोइका बैठक' पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच, भारत में अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मामुन्दजे ने अफगानिस्तान में स्थिति पर चर्चा करने के लिए छह अगस्त को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक कराने के फैसले को सकारात्मक कदम बताया है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ऐलान किया कि भारत की अध्यक्षता के तहत शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अफगानिस्तान में स्थिति पर चर्चा की जाएगी। मामुन्दजे ने ट्वीट किया कि 'अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आपात सत्र बुलाना एक सकारात्मक कदम है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवादियों की हिंसा और अत्याचारों के कारण अफगानिस्तान में हो रही त्रासदी को रोकने में अहम भूमिका निभानी चाहिए।